इस संस्करण की सरल सुबोध संस्कृत टीका में प्रत्येक शब्द के पर्याय, समास, विग्रह, कोश, अलंकार आदि से मूल के पद-पद की ग्रन्थियाँ खोल दी गई हैं। इसकी हिन्दी व्याख्या मूल के अनुरूप ही पदविच्छेद-पूर्वक सरल शब्दों में संशोधित करके की गयी है जिससे हिन्दी-अंगरेजी के छात्र भी कादम्बरी का अध्ययन अल्पायासेन ही कर सकेंगे। इस संस्करण की विशेषता पर वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय, हिन्दू विश्वविद्यालय तथा बिहार-संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रमुख विद्वानों ने जो उद्गार प्रकट किए हैं, वे पुस्तक में प्रकाशित कर दिए गए हैं। कादम्बरी-समीक्षा, कथासार आदि से सुसज्जित।

[का. १५१] १-२ भाग **सम्पूर्ण** २४-००

कथामुखपर्यन्त ३-७५, **पूर्वार्द्ध** १३-५०

उपर्युक्त सभी विषयों से सुसज्जित **उत्तरार्ध** १०-५०

३३ **कादम्बरी (कथामुखपर्यन्ता)** 'चन्द्रकला' 'विद्योतिनी' संस्कृत-हिन्दी व्याख्या सहित। व्याख्याकार : प्रो. कृष्णमोहन शास्त्री

बी० ए० तथा शास्त्री कक्षा के छात्रों के लिए ही यह संस्करण प्रस्तुत किया गया है। इसकी सरल सुबोध संस्कृत व्याख्या में समस्त वाक्य के प्रत्येक पद को पृथक्-पृथक् करके उसके पर्याय, कोश, अलङ्कार आदि देकर मूल के पद-पद की ग्रन्थियाँ खोल दी गई हैं। हिन्दी व्याख्या में यह ध्यान रखा गया है कि संस्कृतेतर हिन्दी, अंग्रेजी के छात्र भी कादम्बरी का अध्ययन अनायासेन कर सकें। कादम्बरी-समीक्षा, कथासार आदि परीक्षार्थियों के लिए अधिक उपयोगी है। शास्त्री जी ने दस वर्षों के अपने अध्यापनानुभव से ही छात्रोपयोगी सरल सुबोध व्याख्या, समीक्षा (नोट्स) आदि से सुसज्जित इस कथामुख भाग को प्रस्तुत किया है। [का० १५१] ३-७५

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

३४ **कादम्बरी : एक सांस्कृतिक अध्ययन**—डा० वासुदेव शरण अग्रवाल ।

यह ग्रंथ सम्पूर्ण कादम्बरी का व्यवस्थित आलोचनात्मक हिन्दी रूपान्तर है। कादम्बरी के विषय में इस एक ग्रंथ को लेकर आप अन्य किसी ग्रंथ की अपेक्षा नहीं रखेंगे। साहित्यप्रेमियों को इस ग्रंथ का अवश्य संग्रह करना चाहिए [वि. रा. १४] १५-००

३५ **कादम्बरीकथासारः** । हिन्दी-अङ्गरेजी व्याख्या सहित । सम्पादक—श्री बलराम सदाशिव अग्निहोत्री ।

विभिन्न विश्वविद्यालयों में पाठ्य स्वीकृत इस संकलन में कादम्बरी का सम्पूर्ण कथा-सूत्र पूर्ण सुरक्षित रखा गया है। व्याख्यान करने में यह ध्यान रखा गया है कि विद्यार्थी उससे मूल के भावों तक पहुँच सकें साथ ही कथा की धारा भी टूटने न पाए। अँग्रेजी के छात्रों के लिए इसकी अँग्रेजी व्याख्या ही पर्याप्त है । [वि. सं. १४५] १०-००

३६ **हिन्दी कादम्बरी : महाश्वेतावृत्तान्त** । प्रद्युम्न पाण्डेय

विभिन्न विश्वविद्यालयों की बी० ए० परीक्षा में निर्धारित इस पुस्तक में कादम्बरी के महाश्वेतावृत्तान्त भाग की अत्यन्त स्पष्ट, सरस एवं सुबोध हिन्दी व्याख्या प्रस्तुत की गई है। पुस्तक के आदि में महाकवि बाण और महाश्वेता की विशेषताओं पर पूर्ण प्रकाश डाला गया है अन्त में क्लिष्ट शब्दों और वाक्यों की संस्कृत एवं हिन्दी व्याख्या तथा दो परिशिष्टों में बाण-की अन्य विशेषताओं का उल्लेख कर दिया गया है। अनुसन्धित्सुओं के लिये भी संग्राह्य है [वि. सं. ६५] ४-००

३७ **हिन्दी कादम्बरी : शुकनासोपदेश** । व्या०—झाबन्धु

इसमें समस्त शब्दों का विग्रह, अत्यन्त सरल संस्कृत में उसकी व्याख्या तथा प्राञ्जल तथा मुहावरेदार हिन्दी में अनुवाद दिया गया है इन सब के अतिरिक्त इसकी टिप्पणी में ग्रन्थ में आये पारिभाषिक शब्दों की प्रामाणिक व्याख्या और उसका इतिहास भी लिखा गया है अलङ्कारों का भी यथास्थान निर्देश कर दिया गया है। इसकी विस्तृत भूमिका में बाण सम्बन्धी समस्त आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर बहुत ही प्रामाणिक रूप से दिये गये हैं। [वि. सं. ६४] ३-००

*३८ **कामायनी** । (संस्कृत) । महाकवि जयशंकर प्रसाद । अनुवादक पं० भगवानदत्त शास्त्री । सर्ग १-३ नेट १-५०, संपूर्ण ५-००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

३९ **कालिदास-ग्रन्थावली ।**

आचार्य रामचन्द्र मिश्र, आचार्य शेषराज शास्त्री आदि काव्यसाहित्य मर्मज्ञ विद्वानों के सम्पादकत्व में महाकवि कालिदास के सम्पूर्ण काव्य तथा नाटकों का एक साथ मूल और विषयानुसार ललित भाषानुवाद एवं पाण्डित्यपूर्ण विशद भूमिका, समीक्षा, शोधलेख आदि बहुमूल्य साहित्यिक सामग्री से संपूरित सर्वोत्तम संस्करण । शीघ्र प्राप्त होगा

४० **काव्य-कदम्ब ।** सम्पादक, श्रीभुवनेश्वर प्रसाद पाण्डेय

इस पुस्तक में वीरकाव्य, निर्गुणकाव्य, रामकाव्य, कृष्णकाव्य, रीति-काव्य, नीतिकाव्य, छायावाद और नवचेतना के अग्रदूत : इन आठ स्तम्भों में रोचक हिन्दी कविताओं का संकलन किया गया है । हिन्दी काव्य प्रेमियों के लिए यह संग्रह सर्वथा स्पृहणीय हैं । [चौ. पु.] २-५०

*४१ **काव्य-कलिका ।** सम्पादक–प्रो० उमाशंकर शर्मा 'ऋषि'

१ 'निरंजना' हिन्दी खण्ड काव्य, २ किरातार्जुनीयम् प्रथम सर्ग हिन्दी-पद्यानुवाद तथा ३ नेहरू की रूस-यात्रा पर लिखे गये संस्कृत काव्य 'शान्तिविजयम्' का प्रथम सर्ग १-००

४२ **काव्यकल्पलतावृत्तिः ।** अमरचन्द्रयतिनिर्मिता । अरिसिंहकृतसूत्र सहित [का. ९०] यन्त्रस्थ

४३ **काव्यदीपिका**–'मयूख' संस्कृत हिन्दी व्याख्योपेता ।

इस ग्रन्थ में काव्यप्रयोजन, लक्षण, अभिधा-लक्षण, व्यंजनानिरूपण, काव्य-भेद-रस-ध्वनिभेद-निरूपण, नाटकोपयोगि निरूपण, दोष, गुण, रीति, अलंकार और अर्थालंकार निरूपण आदि का सरल तथा सुबोध शब्दों में विवेचन किया गया है सम्पूर्ण [ह. २११] २-५०

४४ **काव्यदीपिका–अष्टमशिखा**–डा० भोला शंकर व्यास

आगरा यूनिवर्सिटी की बी. ए. कक्षा में निर्धारित इस अष्टम शिखा की डा० व्यासलिखित समालोचना के साथ सरल संस्कृत-हिन्दी व्याख्या अधिक उपादेय है [ह. २११] १-२५

४५ **काव्यप्रकाशः**–'नागेश्वरी' संस्कृतव्याख्या सहित

प्रदीप, उद्योत, संकेत, सुधासागरी, वामनी, आदि अनेक प्राचीन एवं अर्वाचीन टीकाओं की सारभूत यह सरल अभिनव 'नागेश्वरी' व्याख्या प्रकाशित की गयी है । इसमें ग्रन्थ के सभी दुरूहांशों को ननु-नच करके सरल तथा स्पष्ट कर दिया गया है तृतीय संस्करण [का. ४९] ८-००

४६ **काव्यप्रकाशः ।** म० म० श्रीगोकुलनाथोपाध्यायकृत व्याख्या सहित । प्रथम उल्लास [चौ. पु.] १-००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

४७ **काव्यप्रकाशः।** मम्मटभट्टविरचितः। श्री श्रीकृष्णशर्म-विरचित 'रसप्रकाश'टीकासहितः। आंग्लानुवादभूमिकादि सहित शोधपूर्ण संस्करण। सम्पादक : डॉ० शिवनारायण घोषाल।

काव्यप्रकाश की प्राचीन टीकाओं में श्री श्रीकृष्णशर्मा विरचित रस-प्रकाश अपना महत्त्व रखता है क्योंकि इस टीका में आदर्श आदि प्राचीन टीकाओं का विशेष विवेचन उपस्थापित किया गया है तथा 'ध्वनि' और 'रस' विषयक विभिन्न मतमतान्तरों का आमूलचूल विचार किया गया है। इसी एक टीका से ही विश्वनाथ, श्रीधर, चण्डीदास, परमानन्द आदि काव्यप्रकाश के प्रसिद्ध टीकाकारों के सिद्धान्तों का परिचय उपलब्ध हो जाता है। विद्वान सम्पादक ने विशेष परिश्रम पूर्वक देश-विदेश के पुस्तकालयों में मिली हुई भातृकाओं के आधार पर इस अप्रकाशित टीका का यह शोधपूर्ण संस्करण प्रस्तुत किया है। विद्वत्तापूर्ण अंग्रेजी भूमिका तथा अंग्रेजी व्याख्या में भारतीय साहित्यशास्त्र परम्परा के ऊपर अभूतपूर्व प्रकाश डाला गया है। यन्त्रस्थ

४८ **हिन्दी काव्यप्रकाश।** व्याख्याकार—डॉ० सत्यव्रत सिंह संस्कृत-हिन्दी-अंगरेजी में समानरूप से इस ग्रन्थ की व्यापकता को देखकर तदनुकूल ही इसकी व्याख्या की गयी है। व्याख्या के साथ-साथ टिप्पणी (नोट्स) में वे सभी विषय दिये गये हैं जो वामनी, काव्यादर्श, ध्वन्यालोक-लोचन आदि में बिखरे पड़े हैं। परिष्कृत तृतीय शोधपूर्ण संस्करण। संपूर्ण [वि. सं. १५] १०-००

४९ **हिन्दी काव्यप्रकाश : १-३ उल्लास।** डॉ० सत्यव्रत सिंह छात्रों को विवेच्य विषय सुलभ कराने के लिये मूल के साथ विषयानुरूप बोधगम्य भाषा में व्यवस्थित अनुवाद एवं विशद टिप्पणी (नोट्स) द्वारा विषय की गम्भीरता तथा व्यापकता को स्पष्ट करने का प्रयास एकमात्र इसी संस्करण की विशेषता है [वि. सं. १५] ३-००

५० **हिन्दी काव्यप्रकाश : दशम उल्लास।** डॉ० सत्यव्रत सिंह विश्वविद्यालयों की एम० ए० परीक्षा में पाठ्य-ग्रन्थ रूप में स्वीकृत 'काव्यप्रकाश का दशम उल्लास' अति क्लिष्ट माना जाता है। अतः टीकाकार ने व्यवस्थित भाषा में मूल के नीचे भाषानुवाद अङ्कित करके अपनी टिप्पणी (विमर्श) द्वारा ग्रन्थ की रहस्यपूर्ण ग्रन्थियों का सम्यक् समुन्मोचन कर दिया है। आलोचनात्मक विषयों का ज्ञान सुविस्तृत भूमिका द्वारा ही हो जाता है [वि. सं. १५] ५-००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

५१ **काव्यप्रकाशरहस्यम्** (परीक्षोपयोगी प्रश्नोत्तरी)
भारतवर्ष के सभी संस्कृत एवं अँग्रेजी-हिन्दी कालेजों में काव्यप्रकाश का पठन-पाठन देख कर रची गई इस पुस्तक में किसी भी प्रान्त की परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों के सही व सरल उत्तर प्राप्त हो जायँगे
[ह. २३८] २-००

५२ **काव्य-प्रबन्धः**—अनेक शिक्षासंस्थाओं द्वारा स्वीकृत प्रबन्धग्रंथ ।
इस पुस्तक में काव्य, वाक्य, शब्दार्थ, तात्पर्यार्थ, शक्ति, संकेतग्रह, जातिवाद, लक्षणा, व्यंजना, ध्वनि, रस, स्थायिभावभेद, गुणालंकार भेद तथा श्लेषालंकारभेदों का निरूपण करके कवित्व का लक्षण तथा महाकवि कालिदास, भवभूति, भारवि, शूद्रक, माघ, दण्डी, बाण आदि कवियों की संक्षिप्त जीवनियों तथा उनकी कृतियों पर प्रकाश डाला गया है
[वि. सं २३] १-५०

५३ **काव्यमञ्जूषा नाम रत्नावलीगद्यकाव्य-कामकन्दलनाटक-श्रीकालिकामन्दाक्रान्ताशतक-धर्माधिकारिवंशवर्णन-श्रीरेणुकास्तोत्रनाम्नां** ग्रन्थरत्नानां संग्रहः [चौ. ७८] ३-००

५४ **काव्यमीमांसा** । राजशेखर विरचित । श्रीमधुसूदनमिश्रकृत मधुसूदनी संस्कृत व्याख्या सहित । [ह. १४] संपूर्ण ४-००

५५ **काव्यमीमांसा** । श्रीमधुसूदनमिश्रकृत संस्कृत-हिन्दी व्याख्या सहित । [१-५ अध्याय] [ह. १४] १-५०

५६ **काव्यमीमांसा** । म. म. श्री नारायण शास्त्री खिस्तेकृत 'काव्यमीमांसा चन्द्रिका' व्याख्या सहित । १-५ अध्याय
[का. ८६] १-५०

५७ **हिन्दी काव्य-मीमांसा** । व्या०, डॉ० गंगासागर राय
इस संस्करण में सटिप्पण मार्मिक हिन्दी व्याख्या की गई है। व्याख्या को अन्य सिद्धान्तों के परिवेश में उपस्थित कर तुलनात्मक तथा आलोचनात्मक रूप दिया गया है। प्रारम्भ की विस्तृत भूमिका में राजशेखर का समय पूर्ववर्ती आचार्यों की परम्परा तथा उसमें राजशेखर का स्थान, देश-काल, विषय-वस्तु आदि का मार्मिक परिचय दिया गया है। अन्त में कई परिशिष्ट भी हैं। [वि. सं. १२१] ८-५०

५८ **काव्याङ्गनिर्णय**—प्रोफेसर जंगबहादुर मिश्र ।
[वि. रा. १३] यन्त्रस्थ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

५९ **हिन्दी काव्यादर्श**। व्याख्याकार, आचार्य रामचन्द्र मिश्र। सरल संस्कृत-हिन्दी भाष्य करके इसे सुबोध बनाया गया है। इस संस्करण की प्रस्तावना में लगभग ७० अलंकारशास्त्रियों का समय, रचनाएँ तथा उनकी विशेषताओं का वर्णन है। साथ ही अलंकारशास्त्र, अलंकारशब्दार्थ एवं अलंकारशास्त्र का क्रमविकास नामक प्रसंग भी प्रस्तावना में अपना विशिष्टस्थान रखते हैं। [वि. सं. ३७] ६-५०

६० **हिन्दी काव्यालंकार**। महाकवि रुद्रट विरचित। व्याख्याकार-श्रीरामदेव शुक्ल।

सविमर्श हिन्दी व्याख्या, पाण्डित्यपूर्ण ग्रन्थालोचन, अलंकार-समीक्षण तथा शास्त्रीय विचारों से परिपूर्ण प्रस्तावना-वक्तव्य-परिशिष्ट आदि से सुसज्जित। [वि. सं. १३६] १०-००

६१ **काव्यालङ्कारः**। श्रीभामहाचार्येण विनिर्मितः [का. ६१] यन्त्रस्थ

६२ **काव्यालङ्कारसूत्राणि**। आचार्यवामनविरचितवृत्तिसमेत। श्री गोपेन्द्र त्रिपुरहरभूपाल-विरचित काव्यालङ्कारकामधेनुव्याख्यासहित। [व. ३२] यन्त्रस्थ

६३ **काव्येन्दुप्रकाशः**। कामराज दीक्षित प्रणीत। सम्पादक श्री बाबूलाल शुक्ल, शास्त्री।

संस्कृत साहित्य का यह लक्षण ग्रंथ बहुत सरल तथा 'गागर में सागर' है। अपने विषय-विवेचन के वैशिष्ट्य में इसका उल्लेखनीय स्थान है अतः पाठकों की सुविधा के लिये अँगरेजी संस्कृत भूमिकादि के साथ सम्पादित किया गया है। अभिनव संस्करण [चौ. १००] ३-००

६४ **किरातार्जुनीयम् (प्रथमः सर्गः)** प्रो० समीर शर्मा सम्पादित संस्कृत-हिन्दी व्याख्या सहित।

गोरखपुर विश्वविद्यालय की बी० ए० परीक्षा में निर्धारित इस प्रथम सर्ग की अत्यन्त स्पष्ट, सरल एवं सुबोध व्याख्या प्रस्तुत की गयी है। व्याख्याकार ने अपने अध्यापनानुभव से परीक्षोपयोगी समस्त विषयों का यथास्थान खुलासा प्रतिपादन किया है। परीक्षार्थियों को अब पृथक् से नोट्स लिखने की भी आवश्यकता नहीं पड़ेगी। आरम्भ की भूमिका में महाकवि भारवि का समय, पूर्ववर्ती आचार्यों की परम्परा उसमें भारवि का स्थान, देश-काल, विषय-वस्तु आदि का मार्मिक परिचय दिया गया है। परीक्षार्थियों के लिये यह संस्करण सब से उत्तम है [वि० सं० १४६] १-२५

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

६५ **किरातार्जुनीयम्**—मल्लिनाथी सुधा व्याख्या सहित ।
इसमें सर्वप्रथम पात्रपरिचय; संक्षिप्त कथा तथा क्रमशः मल्लिनाथकृत घण्टापथ व्याख्या, सुधा व्याख्या, कोश, समासादि, व्याकरण, वाच्यपरिवर्तन, सरलार्थ, हिन्दीभाषार्थ, उपयुक्त टिप्पणियाँ, शिक्षासंग्रह, आदि परीक्षोपयोगी बहुत से विषय दिये गये हैं। १-२ सर्ग १-२५, १-३ सर्ग [का. ७४] २-००

६६ **किरातार्जुनीयम्** (तृतीय सर्ग) 'घण्टापथ' सुधा व्याख्या आगरा विश्वविद्यालय में पाठ्य स्वीकृत इस तृतीय सर्ग की संस्कृत व्याख्या में अन्वय समास-विग्रह, व्याकरण, वाच्यपरिवर्तन, भावार्थ आदि परीक्षोपयोगी विषय देकर हिन्दी व्याख्या तथा भूमिका में ग्रन्थ और ग्रन्थकार का तुलनात्मक विवेचन किया गया है [का. ७४] १-००

६७ **किरातार्जुनीयम्** । विश्वविद्यालय पाठ्यस्वीकृत १३वाँ सर्ग । सान्वय संस्कृत-हिन्दी व्याख्या, समास, व्याकरण, कोश, हिन्दीपद्य, भावार्थ आदि सहित । व्याख्याकार—डॉ० उमेशचन्द्र पाण्डेय [वि. सं. ८६] १-२५

६८ **किरातार्जुनीयम्**—घण्टापथ-प्रकाश संस्कृत-हिन्दीव्याख्या । मल्लिनाथ कृत घण्टापथ टीका के साथ साथ 'प्रकाश' नामक सरल हिन्दी व्याख्या होने से इस संस्करण की उपयोगिता बढ़ गयी है। हिन्दी व्याख्या में प्रायः सर्वत्र ही महाकवि भारवि की गूढ़ ग्रन्थियों को नतु-नच करके खोल दिया गया है तथा ग्रन्थ के आरम्भ में महाकवि की जीवनी एवं प्रत्येक सर्ग का संक्षिप्त कथासार भी दे दिया गया है
संपूर्ण [ह. १०५] ४-००

६९ **किरातार्जुनीयम्** । उपर्युक्त व्याख्या सहित केवल १-५ सर्ग [ह. १०५] १-५०

७० **कृष्णस्य शान्तिप्रयासः** । (महाभारत उद्योगपर्व अध्याय ८१-९३) 'प्रकाश' संस्कृत-हिन्दी व्याख्या सहित । वाराणसी की शास्त्री परीक्षा द्वितीय खण्ड अनिवार्य द्वितीयपत्र निर्धारित ।
श्री बालकेशवप्रसाद मिश्र विरचित इसकी संस्कृत हिन्दी व्याख्या ससन्दर्भ प्रस्तुत की गई है। शास्त्री के विद्यार्थी अल्पायासेन स्वयं इसका अध्ययन कर सकते हैं। इसकी समालोचनात्मक भूमिका-कथासार भी छात्रों के लिए अधिक उपयोगी है। [वि. सं. १२०] १-५०

*७१ **कुट्टनीमतम्** । (शम्भलीमतकाव्यं) दामोदर गुप्त विरचित । हिन्दी टीका सहित ६-००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

७२ **कुमारसम्भवः**। सान्वय 'प्रकाश' हिन्दी टीका सहित। इस संस्करण को पढ़कर संस्कृत का विशिष्ट ज्ञान न रखने वाले व्यक्ति भी अनुवाद की मधुरता से मूल काव्य का रसास्वादन करने में समर्थ हो सकेंगे। ग्रन्थ के आदि में महाकवि की काव्य कलात्मक विस्तृत समीक्षा भी प्रस्तुत कर दी गई है। संपूर्ण [वि. सं. १०५] ३-००

७३ **कुमारसम्भवः**—'पुंसवनी' संस्कृत-हिन्दी व्याख्योपेतः। इस टीका की विशेषताएँ—प्रत्येक श्लोक का १ अवतरण सहित दण्डान्वय, २ परीक्षोपयोगी व्याख्या, ३ विग्रह, व्याकरण, कोश, अलङ्कार, छन्द, प्रमाणप्रदर्शन, मल्लिनाथादि प्रदर्शित दोषोद्धार, व्युत्पत्ति, ४ संस्कृत में भावार्थ, ५ भाषा के संक्षिप्त पदों के द्वारा श्लोकाभिप्राय, ६ हिन्दी में सरल भावार्थ, ७ प्रत्येक सर्ग की कथा का संक्षेप में संग्रह, ८ विशिष्ट भूमिका इत्यादि प्रथम सर्ग १-००, १-४ सर्ग २-५०, १-५ सर्ग ३-५०, षष्ठ सर्ग १-०० एवं सप्तम सर्ग १-००, १-७ सर्ग [ह. ९०] ५-००

७४ **कुमारसंभवः** (प्रथम और पंचम सर्ग)

प्रोफेसर कान्तानाथ शास्त्री तैलंग विरचित नोट्स तथा विस्तृत प्रस्तावनादि विभूषित 'पुंसवनी' नामक संस्कृत-हिन्दी टीका सहित। बिहार की मध्यमा परीक्षा तथा अंग्रेजी की आई० ए० और बी० ए० परीक्षा में निर्धारित इस संस्करण के 'नोट्स' मात्र के अध्ययन से भी विद्यार्थी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सकते हैं [ह. ९०] २-००

७५ **कुमारसंभवः**—(पंचम सर्ग) उपर्युक्त सभी विषयों से युक्त [ह. ९०] १-००

७६ **हिन्दी कुवलयानन्द**। व्याख्याकार, डॉ० भोलाशंकर व्यास। इसकी व्याख्या में शास्त्रार्थस्थलों को सुबोध बनाने की अथक चेष्टा की गई है। कुवलयानन्दकार की परिभाषाओं, भेदों तथा उदाहरणों की जहाँ जहाँ पण्डितराज ने रसगंगाधर में आलोचना की है, उन-उन स्थलों पर पण्डितराज के आक्षेपों को उपन्यस्त कर ग्रन्थ को अधिक उपयोगी बनाया गया है। आरम्भ में एक विस्तृत भूमिका है जिसमें प्रायः सभी प्राचीन अलंकारशास्त्रियों के मतों का समन्वय एवं समीक्षा आदि है। [वि. सं. २४] ९-००

*77 Kshemendra Studies together with an English Translation of his Kavikanthabharana, Auchityavicaracarca & Suvrittatilaka. By Dr. Suryakanta. 14-00

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

७८ **कौमुदी कथाकल्लोलिनी** । प्रो० रामशरण शास्त्री ।
इस ग्रंथ में रोचक गद्य-कथानकों में कौमुदी के अच्संधि से उत्तरकृदन्त तक के प्रायः सभी उदाहरणों को देकर कथासाहित्य की नवीन विधि का अनूठा प्रयोग प्रस्तुत किया गया है। कथा का आधार कथा-सरित्सागर है। अन्त में छपे 'संस्कृत-हिन्दी-अभिधान' से ग्रन्थ अधिक उपयोगी हो गया है। [वि. सं. ५४] ८-७५

७९ **हिन्दी गाथासप्तशती**। व्याख्याकार—श्री नर्मदेश्वर चतुर्वेदी
नायक-नायिकादि की चेष्टाओं एवं मनोभावों की जानकारी इस पुस्तक द्वारा बहुत कुछ सुलभ हो जाता है। इसमें अनुवाद के साथ-साथ विस्तृत भूमिका एवं उपयोगी परिशिष्ट भी सुलभ है
[वि. सं. ५५] ५-००

८० **हिन्दी गाथासप्तशती** । (शताधिक गाथाओं से परिवर्धित शोधपूर्ण संस्करण) व्याख्याकार—श्री जगन्नाथ पाठक ।
प्राकृत भाषा की इस श्रेष्ठतम काव्यकृति में प्राचीन भारतीय संस्कृति तथा ग्राम्यजीवन की अनूठी झाँकियाँ है। अलंकार-शास्त्र का तो यह बीज ही है। जर्मनी से प्रकाशित शोधपूर्ण दुर्लभ संस्करण के आधार पर मूलानुवाद तदनु विमर्शात्मक सुविशद हिन्दी व्याख्या, समालोचनात्मक सुविस्तृत भूमिका, सानुवादशताधि दुर्लभ गाथाओं से विभूषित परिशिष्ट आदि प्रमुख विशेषताओं के कारण अपने विषय का राष्ट्रभाषा में यह संस्करण सर्वश्रेष्ठ प्रकाशित हुआ है। २०-००

८१ **गीतगोविन्दकाव्यम्** । महाकवि-जयदेव विरचितम्। 'इन्दु' नामक हिन्दी भाषाटीका विस्तृत भूमिका सहित [ह. १२९] १-२५

82 Gita-Govinda of Sri Jayadev: The Loves of Krishna and Radha. Rendered from Sanskrit into English and Illustrated by George Keyt. 15-00

*८३ **चउप्पन्नमहापुरिसचरियं**। सिरि-सीलंकायरियविरइयं। अमृतलाल मोहनलाल भोजक संपादित २१-००

८४ **चन्द्रप्रभचरितम्** । 'सुधा' हिन्दी व्याख्या सहित।
पं० अमृतलाल जी जैन ने इसकी सरल सुबोध सुविस्तृत हिन्दी व्याख्या, टिप्पणी तथा परिशिष्ट में पारिभाषिक शब्दकोश आदि से सुसज्जित कर समालोचना में महाकवि वीरनन्दी का इतिवृत्त तथा कथासार भी लिख दिया है। आगरा यूनिवर्सिटी के छात्रों के लिए यह संस्करण अधिक उपयोगी है। [ह. २०७] ०-४५

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

८५ **चतुर्वेदीय संस्कृत रचनावली** । महामहोपाध्याय विद्यावाचस्पति पं. गिरिधरशर्मा चतुर्वेदी विरचित प्रकाशित अप्रकाशित यावत्, निबन्धों का संग्रह [का. १६९] २०-००

८६ **चन्द्रप्रभाचरितम्** । म० म० श्री शङ्करलाल विरचितम् 'पौर्णमासी' संस्कृत व्याख्या, परिशिष्ट, नोट्स सहित ।

इसकी शैली दण्डी एवं बाणभट्ट की कोटि की उत्कृष्ट है । अनेक परीक्षाओं में पाठ्य स्वीकृत हो जाने के कारण इसका सर्वबोध्य सुगम छात्रोपयोगी व्याख्या तथा नोट्स भी प्रस्तुत कर दिया गया है

[वि. सं. ८४] ५-००

*८७ **चन्द्रापीडचरितम्** । अनन्ताचार्य विरचितम् । नेट ०-७५

८८ **चन्द्रालोकः** । गागाभट्टकृत 'राकागम' टीका सहित [चौ. ८३] ४-००

८९ **चन्द्रालोकः** । पौर्णमासी-कथाभट्टी संस्कृत-हिन्दी व्याख्या ।

इस संस्करण में बहुत से परीक्षोपयोगी विषयों को सरल शब्दों में परिष्कृत कर दिया गया है । इस संस्करण की एक यह विशेषता है कि मूल ग्रन्थ की हिन्दी टीका के साथ-साथ संस्कृत टीका की भी हिन्दी टीका कर दी गयी है । संपूर्ण [ह. ५७] ३-००

९० **चन्द्रालोक-पञ्चममयूखः** । डॉ० सुरेन्द्रदेव शास्त्री कृत सविमर्श 'प्रकाश' हिन्दी टीका सहित [ह. २६५] १-५०

९१ **चन्द्रालोक-रहस्यम्** । (चन्द्रालोक-प्रश्नोत्तरी)

इसकी प्रमुख विशेषता यह है कि प्रश्न के उत्तर में अधीत विषय को संक्षिप्त रूप में लिखने की शैली और विषय का ठोस ज्ञान एक साथ ही होता चलता है । [वि. सं. ३०] १-२५

९२ **चम्पूभारतम्** । 'प्रकाश' संस्कृत हिन्दी व्याख्योपेतम् ।

आचार्य रामचन्द्र मिश्रजी ने अपनी टीकाओं द्वारा इसे ऐसा सुबोध बना दिया है कि संस्कृत न जानने वाले भी समान रूप से इसका आनन्द ले सकते हैं । चंपू साहित्य के और भी प्रमुख ज्ञातव्य विषय इस प्रकार उपनिबद्ध कर दिये गये हैं कि चंपू का पूर्वापर देश, काल और उसकी प्रतिष्ठा अनायास ही हृदयंगम हो जाती है [वि. सं. ३१] ८-००

९३ **चम्पूरामायणम्-(बालकाण्डम्)** 'प्रकाश' संस्कृत-हिन्दी व्याख्योपेतम् । व्याख्याकार, आचार्य रामचन्द्र मिश्र

[वि. सं. २६] ३-००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

९४ **चम्पूरामायणम्** । 'प्रकाश' संस्कृत-हिन्दी व्याख्योपेतम् ।
आचार्य रामचन्द्र मिश्र की लौह लेखनी से प्रसूत छात्रोपयोगी आधुनिक विस्तृत संस्कृत-हिन्दी व्याख्या के साथ यह अभिनव संस्करण संस्कृत-हिन्दी-अंगरेजी छात्रों के लिए समान रूप से उपादेय है । इसकी मनोवैज्ञानिक हिन्दी समालोचना तो परीक्षार्थी विद्यार्थियों के लिये सबसे अधिक उपयोगी है [वि. सं. २६] ६-००

९५ **चारुचर्या** । महाकवि श्री क्षेमेन्द्र विरचित मूल श्लोक तथा 'प्रकाश' हिन्दी अनुवाद सहित । [वि. सं. ९२] १-००

९६ **हिन्दी चारुचर्या** । सम्पादक : श्री देवदत्त शास्त्री ।
श्री क्षेमेन्द्र विरचित चारुचर्या का यह हिन्दी रूपान्तर है । यह ग्रन्थ भारतीय सदाचार एवं शिष्टाचार का कोष है । मनुष्य जिन आचरणों और व्यवहारों से सामाजिक अभ्युदय प्राप्त कर जीवन का लक्ष्य प्राप्त करता है—उनका एकत्र समुच्चय इस पुस्तक में है । [वि. रा. ४४] २-००

*९७ **चित्रमीमांसा** । अप्पय दीक्षित कृत । धरानन्द कृत सुधा संस्कृत व्याख्या सहित १६-००

९८ **चिन्तन के नये चरण** । श्री देवदत्त शास्त्री ।
इस पुस्तक के निबन्धों के सभी विषय सामान्य और व्यापक होने के साथ ही साहित्यकारों एवं अनुसन्धायकों के नित्य उपयोग के हैं ।
[वि. रा. ३१] ६-००

९९ **छन्दःकौमुदी** (चौखम्बा प्रकाशन) म. म. नारायणशास्त्री
अल्पवयस्क बालकों को सरल सुबोध भाषा में छन्द का ज्ञान कराने के लिए यह पुस्तक अद्वितीय है । अश्लीलांश वर्जित सोदाहरण छन्दों की सरल हिन्दी व्याख्या तथा छन्दःशास्त्रप्रणेताओं का संप्रदायक्रम, प्रश्नोत्तर और विशिष्ट भूमिका में छन्दःशास्त्र का इतिहास भी लिखा गया है ।
[का. ८२] ०-४०

*१०० **छन्दश्चन्द्रिका** । प्रथमा के विद्यार्थियों के लिए छन्द की उत्तम पुस्तक ०-१२

१०१ **छन्दस्सारः** । भाषा टीका प्रश्नपत्र उदाहरणसहित । [ह. १२] ०-१५

१०२ **छन्दोमञ्जरी** । 'प्रभा' 'रुचिरा' संस्कृत-हिन्दी व्याख्योपेता ।
यह व्याख्या प्रतिशब्द के पर्याय, कोष, व्याकरण, अलंकार, भावार्थ आदि के साथ ग्रन्थ के अभिप्राय को बड़ी सुगमता से व्यक्त करने में समर्थ हुई है । [ह. ११५] २-५०

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१०३ **छन्दोविंशतिका**—सोदाहरण 'विमला' टीका सहित। संपादक, पं० रामचन्द्र झा। वाराणसी तथा बिहार की प्रथमा परीक्षा निर्धारित छन्दोविषयक ग्रन्थ।

इस पुस्तिका में बिहार तथा वाराणसी को १–३ खण्ड परीक्षा निर्धारित अश्लीलांश वर्जित केवल २० छन्दों का यथाक्रम से सान्वय सोदाहरण व्याख्या की गई है। अल्प वयस्क बालकों के लिए परीक्षा निर्धारित छन्दों के लिए यह संस्करण सर्वोत्तम है।

मूल्य नाम मात्र [वि. सं. ४८] ०–२५

*१०४ **जानकीहरणम्**। कुमारदास विरचित। हिन्दी टीका सहित। २५–००

*105 Tales from Indian Classics. Retold by Savitri. Illustrated by Pulak Biswas. Foreword by M. Chalapathi Rau. Book–1 3-00

१०६ **हिन्दी दशरूपकम्**। संशोधित, परिवर्तित, सुपरिष्कृत, परिवर्धित नवीन तृतीय संस्करण। व्याख्याकार, डा० भोलाशंकर व्यास।

संस्कृत तथा हिन्दी दोनों व्याख्याएँ अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के अत्यधिक उपयोग की हुई हैं। विद्वान् व्याख्याकार ने शास्त्रार्थ के दुरूह स्थलों पर

इतना सुविस्तृत और गम्भीर विवेचन किया है कि यह हिन्दी व्याख्या दशरूपक की एक स्वतन्त्र मौलिक रचना के रूप में परिणत हो गई है। ग्रन्थ के आरम्भ में अतिविस्तृत भूमिका देकर भारतीय नाटकों की उत्पत्ति, नाट्यशास्त्र का इतिहास तथा नाट्यशास्त्र के सिद्धान्तों को विस्तार से विश्लेषित किया गया है। यह कहना अत्युक्ति नहीं होगा कि इस रचना से हिन्दी साहित्य की भी अवश्यमेव श्रीवृद्धि हुई है। संस्कृत तथा हिन्दी के अधिकारी विद्वानों और सम्मेलन पत्रिका (प्रयाग), 'आज' (वाराणसी) तथा 'हिन्दीवाङ्मय' पत्र-पत्रिकाओं ने इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की है

[वि. सं. ७] ७–००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१०७ **दशरूपकम्** । धनञ्जय कृतम् । धनिककृत 'दशरूपावलोक' टीकोपेतम् । जगद्गुरु श्रीचरणतीर्थमहाराजकृत विस्तृत अंग्रेजी व्याख्या, टिप्पणी, सुविस्तृत संस्कृत भूमिका आदि सहित ।

संस्कृत नाट्य-नाटक साहित्य बहुत ही प्राचीन एवं समृद्ध है । नाटक निर्माणशैली, अभिनयकला, विविध नाट्याङ्ग आदि विषयों के विवेचन के लिए महर्षि भरत ने नाट्यशास्त्र की रचना की थी । किन्तु नाट्यशास्त्र विशाल तथा बहुधा विकीर्ण होने के कारण परवर्ती समय में नाट्य लक्षणों के संक्षेप से वर्णन की आवश्यकता पड़ी । उसी आवश्यकता की पूर्ति के लिए दशरूपक की रचना हुई है । आज संस्कृत नाटक साहित्य के अध्ययन में धनञ्जयकृत दशरूपक और धनिककृत उसकी टीका अपरिहार्य हैं । प्रस्तुत संस्करण की संस्कृत अंग्रेजी व्याख्या सभी कोटि के विद्यार्थी तथा विद्वानों को लाभदायक होगी । सुविस्तृत संस्कृत भूमिका से इस संस्करण का महत्त्व और बढ़ गया है । (सम्पूर्ण ग्रन्थ शीघ्र प्राप्त होगा) प्रथम प्रकाश [का. १८६] १२-००

१०८ **दशकुमारचरितम्** । बालबोधिनी-संस्कृत-हिन्दी-व्याख्या ।

साहित्यरत्नाकर पं० ताराचरणभट्टाचार्य की लौह लेखनी से रञ्जित बालबोधिनी संस्कृतहिन्दी व्याख्या विभूषित यह संस्करण सब संस्करणों से श्रेष्ठ एवं परीक्षोपयोगी है । [ह. ९२] संपूर्ण ५-५०

पूर्वपीठिका १-२५ पूर्व पीठिका तथा प्रथम और अष्टम उच्छ्वास २-००

अपहारवर्मचरित पर्यन्त अभिनव भूमिका संयोजित संस्करण ३-००

१०९ **दशकुमारचरितसारः** । डा० सत्यव्रत सिंह ।

महाकवि दण्डि-विरचित सम्पूर्ण दशकुमारचरित में वर्णित दसों कुमारों का चरित अत्यन्त सरल रूप में इस प्रकार उपनिबद्ध किया गया है कि तनिक भी असम्बद्धता नहीं प्रतीत होती । पुस्तक अपने में पूर्ण मौलिक प्रतीत होती है । [चौ. पु.] १-००

११० **देववाणी-परिचायिका** । श्री चक्रधर शर्मा ।

इस ग्रन्थ में वाल्मीकि रामायण, श्रीमद्भगवद्गीता, महाभारत, पञ्चतन्त्र, दूतवाक्य, भोजप्रबन्ध, मनुस्मृति, कुन्दमाला, बुद्धचरित, हितोपदेश, नागानन्द नाटक, चाणक्यनीति, विदुरनीति, भर्तृहरिशतक आदि सुरभारती के सुप्रसिद्ध प्रतिनिधि ग्रन्थों के उद्धरणों का रसमाधुर्य ओत प्रोत है । (यू० पी० हाईस्कूल के लिए पाठ्य स्वीकृत) [चौ. पु.] १-७५

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१११ **धम्मपदं** । (शोधपूर्ण संस्करण) सटिप्पण 'प्रकाश' हिन्दी व्याख्या सहित । व्या०—श्री कनछेदी लाल गुप्त । सं०—श्री सत्कारिशर्मा वङ्गीय ।

सुत्तपिटक के अन्तर्गत खुद्दकनिकाय का एक अंश यह ग्रन्थ महामानव श्रीगौतम बुद्ध के ४२३ बहुमूल्य उपदेशों का उत्तम संग्रह है। इसका प्रस्तुत संस्करण सामान्य छात्र से लेकर विशिष्ट विद्वान् तक सभी स्तर के पाठकों के लिये उपयोगी है। सिंहली, बर्मी आदि पाठों तथा टीकाओं के आधार पर प्रस्तुत विशुद्ध पाठ; भाषाविज्ञानसम्मत संस्कृत छाया; प्राञ्जल हिन्दी व्याख्या; सभी महत्त्वपूर्ण शब्दों पर दार्शनिक, पारिभाषिक, वैयाकरणिक, ऐतिहासिक, भाषावैज्ञानिक और तुलनात्मक टिप्पणियाँ; अँगरेजी, जर्मन, लातिन, हिन्दी, बँगला आदि भाषाओं में प्रस्तुत पूर्व-पूर्व संस्करणों में उपलब्ध सामग्री का पूर्णतया विवेचन; गाथासूची, शब्दकोश आदि अनेकविध शोधपूर्ण नवीनताओं से मण्डित यह संस्करण भारतीय भाषाओं में आजतक के प्रकाशित संस्करणों में सभी दृष्टियों से सर्वोत्तम एवं तत्काल क्रय कर लेने योग्य है। [वि. सं. १५०] ३-००

११२ **धर्माधिकारिवंशवर्णनम्** । श्रीवेणीरामपण्डितधर्माधिकारि विरचित [चौ. पु.] समाप्त

+११३ **धार्मिकवर्णनलक्षणकाव्यम्** । ०-४०

११४ **हिन्दी ध्वन्यालोक-लोचन** । आचार्य जगन्नाथपाठक ।

इस ग्रन्थ में 'ध्वन्यालोक' तथा उसकी टीका 'लोचन' का इतना सुन्दर अनुवाद दिया गया है कि छात्रों को ग्रन्थ लगाने में तनिक भी आयास नहीं होगा। गूढ ग्रन्थि और अस्पष्टता के निवारण के लिये सुविशद टिप्पणी के रूपमें व्याख्यात्मक विवेचन देकर ग्रन्थाशय को सुस्पष्ट कर दिया गया है। सम्बद्ध विषयों के विचार से परिपूर्ण विशद भूमिका भी ग्रन्थ-गौरव के अनुकूल प्रस्तुत की गई है। मूल लोचन में संशोधन भी किया गया है। अपनी कोटि का यह सर्वप्रथम उपयोगी संस्करण है।

प्रथम उद्द्योत ४-००

सम्पूर्ण ग्रन्थ [वि. सं. ९७] १६-००

११५ **ध्वन्यालोकः** । कविशेखर पं० बदरीनाथ शर्मा कृत 'दीधिति' संस्कृत व्याख्या, तथा श्रीशोभित मिश्र कृत हिन्दी व्याख्या, विस्तृत प्रस्तावना सहित । प्रथम-द्वितीय उद्योत [ह. ६६] ३-००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

११६ **ध्वन्यालोकः ।** 'दीधिति' संस्कृत-हिन्दी व्याख्योपेतः ।
कविशेखर श्री पं० बदरीनाथ झा विरचित 'दीधिति' व्याख्या में ग्रन्थ की गूढ़ग्रन्थियों को नवीन शब्दावली में अभिव्यक्त किया गया है । इस संस्करण में 'दीधिति' टीका के अनुरूप सुविस्तृत सुबोध प्राञ्जल राष्ट्रभाषा हिन्दी में भी प्रतिपद की सारगर्भित व्याख्या भी की गई है । समालोचनात्मक प्रस्तावना आदि से सुसज्जित शोधपूर्ण संस्करण [ह. ६६] ९-००

११७ **ध्वन्यालोकः ।** बालप्रियादिव्याञ्जनाभ्यां समुपेतेन श्रीमदभिनवगुप्तपाद विरचितेन लोचनेन सहितः । [का. १३५] समाप्त

११८ **ध्वन्यालोक-रहस्यम् ।** (परीक्षोपयोगी प्रश्नोत्तरी)
इस पुस्तक में काशी तथा विहार आदि की परीक्षाओं में आये हुये प्रायः सभी प्रश्नों के उत्तर सरल, सुबोध तथा संक्षिप्त रूप से लिखे गये हैं । साथ ही प्रथम उद्द्योत से लेकर संपूर्ण ग्रन्थ की परीक्षा में आने योग्य पंक्तियों की परीक्षोपयोगी व्याख्या भी कर दी गयी है । [ह. २५५] २-००

११९ **ध्वन्यालोकसारः ।** आचार्य श्रीपुरुषोत्तमशर्मा चतुर्वेदी ।
इस ग्रन्थ के योग्य विद्वान् रचयिता ने संपूर्ण ग्रन्थ के सभी स्थलों का सार इस प्रकार सरल भाषा में संगृहीत कर दिया है कि केवल इसी पुस्तक के अवलोकन मात्र से इस विस्तृत ग्रन्थ या इसकी सहायक अन्य टीकाओं को देखने की आवश्यकता नहीं रह जाती । [ह. २४९] १-२५

१२० **हिन्दी नलचम्पू ।** महाकवि त्रिविक्रम भट्ट विरचिता
(चण्डपालकृत विषमपद 'प्रकाश' संस्कृत व्याख्या सहित)
व्याख्याकार, श्री कैलाशपति त्रिपाठी ।
इसकी विमर्शाख्य हिन्दी व्याख्या में श्लोकों की व्याख्या के साथ चण्डपाल की संस्कृत व्याख्या की भी सविमर्श व्याख्या की गई है । अनेकार्थक श्लोकों की व्याख्या भी विविध रूप से प्रस्तुत है । इसकी समालोचनात्मक लगभग १०० पृष्ठ की बृहत् भूमिका छात्रों के लिए अधिक उपयोगी है । प्रथम उच्छ्वास २-००
१-२ उच्छ्वास ३-०० सम्पूर्ण [का. ९८] ११-००

१२१ **नलोपाख्यानम्** (महाभारत वनपर्व) श्री काशीनाथ द्विवेदी विरचित सान्वय 'प्रकाश' हिन्दी व्याख्या समालोचनात्मक भूमिकादि सहित [ह. २६६] २-५०

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

122 NALOPAKHYANAM : Story of Nala. An Episode of the Maha-Bharata. The Sanskrit Text, with a Copious Vocabulary and An Improved Version of Dean Mionan's Translation. By Monier Williams. [Chow. Sans. Studies Vol. LIII] 25-00

१२३ **नवसाहसांकचरित** । आचार्य परिमल पद्मगुप्त कृत । हिन्दी व्याख्या तथा विस्तृत अध्ययन सहित । व्या०— श्री जितेन्द्रचन्द्र भारतीय ।

इसकी सारगर्भित हिन्दी व्याख्या में ग्रंथ के भाव, भाषा, छन्द, शैली, रस, अलंकार आदि का विशद विवेचन किया गया है ।

आगरा विश्वविद्यालय की परीक्षा में पाठ्य स्वीकृत प्रथम सर्ग ०-७५
विस्तृत भूमिका सहित संपूर्ण [वि. सं. ६६] १०-००

१२४ **नीलकण्ठविजयचम्पूः** । 'प्रकाश' हिन्दी व्याख्या सहित

संस्कृत काव्यानन्द हिन्दी जानने वालों को भी प्राप्त हो इस उद्देश्य से आचार्य रामचन्द्र मिश्र ने हिन्दी व्याख्या सहित यह संस्करण प्रस्तुत किया है । व्याख्या की भाषा का गुम्फन इस कौशल के साथ किया गया है कि मूल न पढ़ने पर भी वैरस्य न उत्पन्न हो । [वि. सं. ११२] ४-००

१२५ **नैषधीयचरितम्** । 'जीवातु' 'मणिप्रभा' व्याख्योपेतम् ।

म० म० मल्लिनाथ कृत दुष्प्राप्य अति प्राचीन विशुद्ध 'जीवातु' टीका के साथ-साथ नारायणी टीका की सारभूत इसकी 'मणिप्रभा' नामक विस्तृत हिन्दी टीका ने तो गागर में सागर भर दिया है । हिन्दी टीका में नारायणी टीका के अनुसार अनेकार्थक सभी श्लोकों के प्रत्येक अर्थ को भिन्न-भिन्न रूप से खोल दिया गया है ।

प्रथम सर्ग १-००, १-३ सर्ग १-७५, १-५ सर्ग ३-५०,
१-९ सर्ग ६-०० संपूर्ण ग्रन्थ [ह. २०५] १४-००

१२६ **नृसिंहचम्पूः** । विमर्शाख्य संस्कृत-हिन्दी टीका सहित । व्याख्याकार, डॉ० सूर्यकान्त शास्त्री ।

सरल एवं सरस संस्कृत-हिन्दी में पहली बार अनूदित इसकी विस्तृत भूमिका में सम्पूर्ण ग्रन्थ की विशद आलोचना तथा कवि का प्रामाणिक इतिवृत्त वर्णित है । यह ग्रन्थ विद्यार्थियों के लिये अधिक उपादेय है ।

[वि. सं. ४३] २-५०

*१२७ **पउमचरियं** । विमलसूरि विरइयं । हिन्दी अनुवाद सहित ।
प्रथमो भागः १८-००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१२८ **पञ्चामृत** । सम्पादक : प्रो० गौतम हंसवंशी

बी० ए० कक्षा में निर्धारित सूर-तुलसी-केशव-बिहारी-भूषण—के काव्यों के सभी अंश इसमें क्रमशः उपनिबद्ध हैं। कवि का प्रामाणिक जीवन-वृत्त, शब्दार्थ-भावार्थ, टिप्पणी आदि देने से इसकी सुबोधता और भी बढ़ गई है। [चौ. पु.] ३-००

*129 Padya Pushpanjali (A Nosegay of Sanskrit Poems). Text and Eng. Translation by V. Subrahmanya Iyer. Nett 2—00

१३० **पारिजातहरणचम्पूः** । महाकवि शेषश्रीकृष्णविरचिता । सान्वय—'श्रद्धा' हिन्दी व्याख्योपेता ।

'पारिजात-हरण' जैसे रोचक प्रसंग का चम्पू-काव्यबद्ध होना ही बड़ी रसपूर्ण बात है। उस पर कुशल टीकाकार की भावानुकूल संस्कृत-हिन्दी व्याख्याओं से सर्वबोध्य होकर यह ग्रन्थ और भी उपयोगी हो गया है। व्याख्याएँ अति विशद एवं सरस होने से साहित्यानुरागियों के लिये विशेष उपकारक हैं। [वि. सं. ८१] ३-५०

१३१ **पिङ्गलच्छन्दःसूत्रम्** । (वैदिकच्छन्दःप्रकरणान्तम्) हलायुधवृत्तियुत-सटिप्पण-कादम्बिनी हिन्दी भाषा टीका सहित [ह. १८३] १-००

१३२ **पुष्पबाणविलासम्** । महाकवि श्रीकालिदास विरचित । 'प्रकाश' संस्कृत—हिन्दी व्याख्या सहित । व्याख्याकार—पं० सोमनाथ शास्त्री ।

ध्वन्यालोक आदि अलंकार शास्त्रीय ग्रन्थों से पता चलता है कि एक समय काव्य रसिकों में कोश काव्यों का बड़ा ही महत्त्व था। प्रस्तुत पुस्तक भी एक कोश काव्य है; जिसमें २६ शृङ्गाररसात्मक उत्तम श्लोकों का संग्रह है। इसकी व्याख्या सरल संस्कृत टीका में सभी समस्त पदों के विग्रह वाक्य तथा अर्थ इस ढंग से किए गए हैं कि मूल श्लोक का आशय अनायास समझ में आ जाता है। हिन्दी व्याख्या भी मूलानुसारी तथा प्राञ्जल है। [ह. २८०] १-००

१३३ **पौराणिक कथाएँ** । श्री हृदयराम शर्मा ।

उदात्त चरित्रों से परिपूर्ण लगभग ७४ पौराणिक कथाओं को लोकरुचि के अनुकूल रूप देकर यह ग्रन्थ सम्पादित किया गया है। आबाल-वृद्ध सभी को इसमें पर्याप्त रुचिपूर्ण कहानी कहने-सुनने की प्रवृत्ति तुष्ट होकर उत्कृष्ट मनोरंजन भी होगा। [वि. रा. ४५] २-५०

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

*१३४ **प्राकृतपैंगलम्**। संस्कृत व्याख्यात्रयोपेत। हिन्दी टीका सहित। संपादक-डॉ० भोलाशंकर व्यास। १-२ भाग ३१-००

१३५ **प्राकृतपुष्करिणी**। हिन्दी अनुवाद सहित। डॉ. जगदीशचन्द्र

इस ग्रन्थ में ध्वन्यालोक, दशरूपक, सरस्वतीकण्ठाभरण, अलङ्कार-सर्वस्व, काव्यप्रकाश, काव्यानुशासन आदि अलङ्कार ग्रन्थों में उद्धृत प्राकृत की सर्वश्रेष्ठ चुनी हुई ५०० गाथाओं का वर्णानुक्रम से सङ्कलन है [वि. सं. ५९] २-००

१३६ **प्रियतम्यां परमेश्वरः**। टालस्टाय-कथा-सप्तकम्। डॉ० भगीरथ प्रसाद त्रिपाठी 'वागीश शास्त्री' यन्त्रस्थ

*137 Priya-Pravas of Harioudha. Translated from Hindi Verses into English Prose. Cantos I-V. 1—75

१३८ **प्रेमरसायनम्**। श्री विश्वनाथपण्डित रचितम्। सटीकम् [का. ६३] १-२५

१३९ **बुद्धचरितम्**। वाराणसी की पूर्वमध्यमा के अनिवार्य प्रथम पत्र में पाठ्य स्वीकृत। सरल हिन्दी अनुवाद सहित।

अनुवादक, महन्त श्री रामचन्द्रदास शास्त्री।

हिन्दी ज्ञाताओं को काव्यानन्द के साथ भगवान् बुद्ध के मार्मिक एवं करुण जीवनचरित द्वारा शान्तरस का आनन्द भी सुलभ कराने की दृष्टि से यह संस्करण प्रस्तुत है। इसमें हिन्दी टीका प्रवाहयुक्त तथा सरल एवं सरस है। सम्पूर्ण ग्रन्थ १-२ भाग [वि. सं. ८२] ५-५०

प्रथम भाग (सर्ग १ से १४ तक)—महाकवि अश्वघोष रचित मूल के साथ हिन्दी टीका २-५०

द्वितीय भाग (सर्ग १५ से २८ तक)—महन्त श्री शास्त्री जी द्वारा स्व-परिश्रम-पूर्वक रचित मूल के साथ हिन्दी टीका ३-००

१४० **भट्टिकाव्यम्**। 'चन्द्रकला' संस्कृत-हिन्दी-व्याख्योपेतम्।

'चन्द्रकला' 'विद्योतिनी' संस्कृत हिन्दी व्याख्याओं से युक्त 'भट्टिकाव्य' का परीक्षोपयोगी सम्पूर्ण विषयोंसे विभूषित दूसरा कोई भी संस्करण नहीं है।

१-६ सर्ग ४-००, ७-११ सर्ग ४-००
पूर्वार्ध १ से ११ सर्ग ८-००
उत्तरार्द्ध १२ से २२ सर्ग ५-५०, सम्पूर्ण [ह. १३६] १३-५०

१४१ **भर्तृहरिशतकत्रयम्**। (नीतिशतक, शृङ्गारशतक, वैराग्यशतक) सरल सुबोध हिन्दी व्याख्या पद्यानुवाद सहित।

मूल के साथ हिन्दी भावानुवाद, हिन्दी पद्यानुवाद भी प्रकाशित किया गया है। संस्कृत न जानने वाले व्यक्ति भी ग्रन्थों के मूल भावों को हृदयङ्गम कर आनन्द के भागी हो सकते हैं। [चौ. पु.] ३-००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१४२ **भामिनी-विलासः**। पण्डितराज जगन्नाथ विरचित। सान्वय 'प्रकाश' हिन्दी-व्याख्योपेतः। व्याख्याकारः श्री राधेश्याम मिश्र।

प्रस्तुत ग्रंथ में कवि की अनूठी प्रतिभा का विलास दर्शनीय है। प्रायः सभी विषयों पर एक-से-एक बढ़कर उपदेशप्रद मार्मिक उक्तियाँ इसमें आद्यन्त हैं। व्याख्या में पहले दण्डान्वय फिर हिन्दी रूपान्तर तथा 'व्याख्या' के अन्तर्गत जितना कुछ उस पद्य के सम्बन्ध में विशेष ज्ञेय है, सब विस्तार से दिया गया है। विस्तृत भूमिका में पुस्तक से संबंधित काल-विशेष की संपूर्ण सांस्कृतिक झाँकी प्राप्त हो जाती है। पद्यानुक्रमणिका भी संलग्न है। **अन्योक्तिविलास मात्र** ४-००

सम्पूर्ण [का. १७१] १०-००

१४३ **भारत-कथा**—महामहोपाध्याय श्री गंगाधरशास्त्री विरचित। सान्वय 'बोधिनी' संस्कृत-हिन्दी व्याख्या सहित। (वाराणसेय सं० वि० की प्रथमा परीक्षा पाठ्य स्वीकृत)

इस ग्रन्थ में सम्पूर्ण महाभारतीय कथा का उपनिबन्धन मौलिक श्लोकों में ही बड़े कौशल से किया गया है। प्रस्तुत संस्करण में छात्रों के लिये इसकी बहुत सरल संस्कृत तथा हिन्दीव्याख्या मूल के साथ प्रकाशित की गई है। [वि. सं. ११४] १-००

१४४ **भारतीय साहित्य की रूपरेखा**। डॉ० भोलाशंकर व्यास।

भारतीय संस्कृति तथा साहित्य की परम्परा लगभग पाँच-छः हजार वर्षों से निरन्तर प्रवहमान रूप में उपलब्ध होती है। इस संस्कृति और साहित्य की अट्टालिका के निर्माण का इतिवृत्त प्रस्तुत करना ही इस ग्रन्थ का मुख्य विषय है। [वि. रा. ५३] ७-५०

१४५ **भोजप्रबन्धः** (सटिप्पण) श्री बल्लालसेन विरचितः। [ह. ४२] ०-७५

१४६ **भोज-प्रबन्धः**। 'राज्यश्री' हिन्दी व्याख्योपेतः।

डॉ० भोलाशंकर व्यास सम्पादित समालोचनात्मक भूमिका तथा भावगर्भित 'राज्यश्री' नामक हिन्दी टीका से सुसज्जित इस संस्करण ने राष्ट्रभाषा को विशेष गौरव प्रदान किया है। [वि. सं २१] १-५०

१४७ **मन्दाकिनी**। डॉ० देवर्षि सनाढ्य।

वाल्मीकि, कालिदास, भर्तृहरि, भारवि, श्रीहर्ष, मयूर, जयदेव आदि संस्कृत-साहित्य के महान् मनीषियों की रचनाओं का हिन्दी-व्याख्यात्मक परिचय पाठकों को भारतीय साहित्य के प्रति निष्ठा की भावना उत्पन्न करेगा। [वि. रा. २२] १-२५

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१४८ **महाकवि कालिदास** । (देव पुरस्कार से पुरस्कृत)

डॉ० रमाशंकर तिवारी विरचित इस ग्रंथ में कालिदास एवं उनकी कृतियों पर अत्यन्त प्रामाणिक, अनुशीलन प्रस्तुत किया गया है। महाकवि की प्रत्येक कृति का इस प्रकार समीक्षण प्रथम बार देखने को मिलेगा। सर्वश्रेष्ठ संस्करण। [वि. रा. ४१] यन्त्रस्थ

१४९ **मूलरामायण-महाभारतीयशीलनिरूपणाध्यायौ** ।

प्रथम परीक्षोपयोगी 'सुधा' संस्कृत हिन्दी टीका, कथासार सहित। बालकों को सरल रूप से श्लोकों का अर्थ समझने के लिए इसमें प्रत्येक श्लोक का अन्वय, व्याख्या, समास और वाच्यपरिवर्तन करके हिन्दी भाषा में विस्तृत रूप से व्याख्या प्रस्तुत की गई है [नि.] ०-७५

१५० **मूलरामायण** । उपर्युक्त सब विषयों से युक्त। [नि.] ०-४०

१५१ **महाभारतीयशीलनिरूपणाध्याय** । उपर्युक्त सब विषयों से युक्त [नि.] ०-४०

१५२ **मेघदूतम्** । सान्वय-'चन्द्रकला' संस्कृत-हिन्दी व्याख्या सहित। व्याख्याकार—आचार्य शेषराज शर्मा

इस संस्करण में प्रत्येक श्लोक की—अन्वय, सरल संस्कृत व्याख्या, संस्कृत सरलार्थ, हिन्दी अनुवाद तथा टिप्पणी—इस क्रम से विशद व्याख्या दी गई है। टिप्पणी में समास-व्युत्पत्ति-कोष-अलंकार-आदि का यथावश्यक निर्देश अत्युपयोगी है।

उपोद्घात के ४० पृष्ठों में कालिदास के जन्म-काल-जीवन तथा रचनाओं का सुस्पष्ट समीक्षण, तदनन्तर प्रकृत काव्य का शास्त्रीय दृष्टि से निकषण, कालिदास की प्रशस्तियां, मेघदूत के सुभाषित, भौगोलिक शब्दों का संक्षिप्त विवरण, संस्कृत 'उदाहरण' में पौराणिक आधार का उद्धरण, पद्यानुक्रमणी आदि शीर्षकों के अन्तर्गत अतिशय छात्रोपयोगी सामग्री दी गई है। [वि. सं. १११] ४-५०

१५३ **मेघदूतम्** । सञ्जीविनी-चारित्रवर्द्धिनी-भावबोधिनी-सौदामिनी नामक संस्कृत-हिन्दी टीकाचतुष्टयोपेतम्।

उपर्युक्त टीकाओं द्वारा जो विभिन्न प्रकार का भाव-प्रकाशन हुआ है उससे छात्रों, अध्यापकों एवं साहित्यानुरागियों को निश्चय ही समान रूप से ज्ञान-संवर्द्धन होगा। [का. ८८] १-२५

154 MEGHA DUTA : English Translation by H. H. Wilson. Fourth Edition. [Chow. Sans. Studies Vol. IX] 7-50

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

155 MANUAL OF CLASSICAL SANSKRIT PROSODY :
By Prof. S. N. Shastri, M. A., D. Phil., LL. B. Shortly

१५६ **मोहन की वंशी : भजनसंग्रह ।** डॉ० व्रजमोहन

कृष्ण-भक्ति की तन्मयता में साधक के हृदय की सहज गति से विगलित भावधारा अत्यन्त सरल एवं स्वाभाविक पदों के रूप में आबद्ध की गई है । एक बार अवश्य पढ़ कर जीवन सफल बनाइए । [चौ. पु.] ०-७५

१५७ **युधिष्ठिर-विजयम् ।** 'प्रकाश' हिन्दी व्याख्या विभूषित ।
व्याख्याकार—प्रो० व्रजेशचन्द्र श्रीवास्तव ।

महाकवि वासुदेव विरचित इस महाकाव्य की तुलना विविधवैचित्र्य से परिपूर्ण संस्कृत साहित्य में विरल है । इस ग्रन्थ की श्रेष्ठता अपने कुछ निजी मौलिक तत्त्वों के कारण है । इसमें महाभारत के पीयूष-पयोधि को अष्टसर्गीय काव्यरूप गागरमें भर देने का कार्य बहुत ही स्तुत्य है । संस्कृत साहित्य में यह एक अनूठा चित्र काव्य है, जिसमें शब्द, अर्थ तथा भावों के चित्रों की झाँकी एक साथ मिलती है । ऐसे काव्य ग्रन्थ को प्राञ्जल हिन्दी टीका के साथ प्रकाशित करने का उद्देश्य एकमात्र यही है कि सभी संस्कृत-हिन्दी प्रेमी पाठक इसका रस ग्रहण कर सकें । [वि० सं० १५२] १२-५०

१५८ **रघुवंशमहाकाव्यम् ।** 'मल्लिनाथी' 'सुधा' व्याख्योपेतम् ।

प्रत्येक श्लोक में क्रमशः अवतरण-श्लोक, मल्लिनाथकृत सञ्जीविनी टीका-अन्वय-'सुधाव्याख्या' कोश-समासादि-व्याकरण-वाच्यपरिवर्तन-तात्पर्यार्थ-हिन्दीभाषार्थ आदि विविध उपयुक्त विषयों से अलंकृत परीक्षोपयोगी टीका के साथ साथ मल्लिनाथ कृत सञ्जीविनी टीका सहित रघुवंश का यह संस्करण सर्वश्रेष्ठ है । १ सर्ग ०-७५, २ सर्ग ०-७५, १ व ५ सर्ग १-५०, १-२ सर्ग १-५०, २-३ सर्ग १-५०, १-४ सर्ग २-५०, १-५ सर्ग ३-००
पृथक् पृथक् प्रत्येक सर्ग [का. ८४] ०-७५

१५९ **रघुवंशमहाकाव्यम् ।** 'सञ्जीविनी' 'मणिप्रभा' टीकोपेतम् ।

'सञ्जीविनी' टीका को आदर्श मानकर 'मणिप्रभा' हिन्दी टीका में प्रायः सञ्जीविनी टीका की व्याख्या भी कर दी गयी है । किं बहुना, यत्र तत्र विमर्श भी देकर महाकवि कालिदास के भावों को विशदरूप से व्यक्त कर दिया गया है । ग्रन्थ के आदि में समालोचनात्मक विस्तृत हिन्दी भूमिका में महाकवि की जीवनी, समय आदि का विस्तृत विवेचन कर प्रत्येक सर्ग का पृथक् पृथक् संक्षिप्त कथासार भी प्राञ्जल राष्ट्रभाषा में लिखा गया है । संपूर्ण ग्रंथ [का. ५१] ५-००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१६० **रघुवंशमहाकाव्यम्** । 'सञ्जीविनी' 'सणिप्रभा' संस्कृत हिन्दी टीका 'विमर्श' सहितम् । १-५ सर्ग १-५०
६-१४ सर्ग २-०५ ५-१४ सर्ग [का. ५१] २-५०

१६१ **रघुवंशमहाकाव्यम्** । १३-१४ सर्ग । 'चन्द्रकला' संस्कृत हिन्दी व्याख्या सहित । व्याख्याकार पं० श्री शेषराज शर्मा रेग्मी । [ह. २६४] १-७५

१६२ **हिन्दी रसगङ्गाधर** । 'चन्द्रिका' संस्कृत हिन्दी व्याख्या ध्वन्यालोक के सफल टीकाकार जगत् प्रसिद्ध कविशेखर आचार्य बदरी नाथ झा जी की अत्यन्त सरल सुबोध संस्कृत व्याख्या के साथ ही आचार्य मदनमोहन शास्त्री कृत आधुनिक सुविस्तृत हिन्दी व्याख्या होने से तो सोनेमें सुगन्धि पैदा हो गयी है । यह हिन्दी व्याख्या केवल संस्कृत छात्रों के लिए ही नहीं प्रत्युत हिन्दी-अंगरेजी छात्रों की कठिनाइयों को विशेष ध्यान में रख कर प्रस्तुत की गयी है । इसकी समालोचनात्मक विशाल हिन्दी प्रस्तावना भी छात्रों के लिए अधिक उपादेय है ।
प्रथमानन पर्यन्त प्रथम भाग ९-००
द्वितीयानन का उत्प्रेक्षानिरूपणान्त द्वितीय भाग २०-००
अतिशयोक्त्यलङ्कारादि समाप्तिपर्यन्त तृतीय भाग २०-००
संपूर्ण १-३ भाग [वि. सं. ११] ४९-००

१६३ **रसगङ्गाधररहस्यम्** । (प्रश्नोत्तरी)
आचार्य श्रीमदनमोहन झा की विरचित इस ग्रन्थ में छात्रों के हितार्थ सभी प्रष्टव्य स्थलों पर प्रश्नोत्तर के रूप से सरल तथा सारगर्भित लेख लिखे गये हैं जिनके अभ्यास मात्र से छात्र परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सकते हैं । [ह. २३३] १-००

१६४ **रसगङ्गाधरहृदयम्** । श्री ज्ञानचन्द त्यागी
इस पुस्तक में रसगंगाधर के सभी प्रश्नोत्तरों का संक्षेप में ही ज्ञान कराया गया है जिसके अभ्यास मात्र से परीक्षार्थी परीक्षा में अनायास सफलता प्राप्त करेंगे । [वि. सं. ११०] २-००

१६५ **हिन्दी रसमञ्जरी** । 'सुरभि' संस्कृत-हिन्दी व्याख्या सहित
हिन्दी तथा संस्कृत जानने वालों के लिए आचार्य बदरी नाथ झा विरचित 'सुरभि' नामक सरल सुबोध संस्कृत टीका के साथ पण्डित जगन्नाथ पाठक रचित सुविस्तृत हिन्दी व्याख्या से विभूषित यह संस्करण छात्रों के लिए सर्वथा उपयोगी है [नि.] ५-००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१६६ **रसचन्द्रिका** । श्रीविश्वेश्वरपाण्डेयनिर्मिता । [का. ५३] १-००

*१६७ **रसचन्द्रिका** । श्रीमधुसूदन कवीन्द्र विरचिता । चकोराख्य टिप्पणी सहिता । सम्पादक : डॉ० श्रीशिवनारायण घोषाल शास्त्री । २६-००

१६८ **रसमीमांसाविवेकः** । गङ्गाराम जी विरचित संस्कृत मूल । संस्कृत व्याख्या-आंग्लभूमिका-हिन्दी भूमिका युक्त । व्याख्याकार– डॉ० लाल रमायदुपाल सिंह । शीघ्र प्राप्त होगा

१६९ **रसराज** । कविवर मतिराम प्रणीत । आचार्य रामजी मिश्र रचित सरल सुबोध व्याख्या, समालोचनादि सहित

हिन्दी साहित्य का यह प्राचीन अथ च क्लिष्ट लक्षणग्रन्थ है जिस पर अत्यन्त सरस, सरल तथा प्रामाणिक व्याख्या प्रस्तुत की गई है । समालोचनात्मक विस्तृत भूमिका आदि के सहित यह संस्करण साहित्यानुरागियों तथा अध्येताओं के लिये परमोपादेय है । [वि. रा. ३३] ७-५०

१७० **रसिकाष्टककाव्यम्** । [चौ. पु.] ०-०५

१७१ **राक्षसकाव्यम्** । 'नूतनकिशोरकेलि' व्याख्यासहितम् [ह. ७३] ०-२५

१७२ **राघवनैषधीयम्** । श्रीहरदत्तसूरि विरचितम् । सविशेष-विमर्शिनी-प्रकाश-संस्कृत-हिन्दी व्याख्योपेतम् । व्याख्याकार– पं० रामकुबेर मालवीय ।

इस काव्य में श्री राम के समान एक और युगीन राजा नल के महत्त्व का एक साथ चरित अंकित किया गया है । मानव राजा नल के सौन्दर्य आकर्षण को देवताओं की तुलना में अधिक प्रभावशाली दिखाकर इस चरित के द्वारा कवि देवताओं पर मनुष्य की अनिवार्य विजय घोषित करता हुआ प्रतीत होता है । यह ग्रंथ काव्यों में प्रायः सबसे क्लिष्ट माना जाता है । अभी तक इसका पठन-पाठन अथक श्रम-साध्य था । काशी के सर्वमान्य कवितार्किक मालवीयजी की लौह-लेखनी से सर्वांग-पूर्ण इसकी सुबोध व्याख्याने ग्रन्थ को अत्यन्त सरल बना दिया है । [का. १८९] ३-००

*१७३ **राजतरंगिणी** । हिन्दी टीका सहित २-०००

*174 Rajatarangini of Kalhana or the Chronicles Kings of Kashmir. By Dr. A. Stein. Sanskrit Text, with critical Notes. 75-00

१७५ **रामवनगमनम्** । 'सुधा' संस्कृत टीका के साथ साथ 'इन्दुमती' विस्तृत हिन्दी टीका में श्लोकों के गूढ़ अभिप्रायों को इस तरह सरल शब्दों में अभिव्यक्त कर दिया गया है कि श्लोकार्थ समझने में पाठकों को कठिनाई नहीं होगी । [ह. १८०] १-२५

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१७६ **हिन्दी राघवपाण्डवीय।** व्याख्याकार—पं० दामोदर झा।
प्रस्तुत महाकाव्य के रचयिता पण्डित कविराज ने इस ग्रन्थ में आदि से अन्त तक एक ही शब्दावली से रामायण तथा महाभारत दोनों कथानकों का वर्णन किया है। यही इस महाकाव्य की सबसे बड़ी विशेषता है। कविने पाण्डव पक्ष का वर्णन राम के पक्ष के वर्णन से मिला कर तथा कौरव पक्ष का वर्णन रावण पक्ष के वर्णन से मिलाकर किया है श्लेषकाव्यों में यह महाकाव्य सर्वोपरि है। इसके काठिन्य लोक प्रसिद्ध है। सरल सुबोध राष्ट्रभाषा में अनुदित यह ग्रन्थ प्रथम वार प्रकाश में आया है। भूमिका में ग्रन्थ के रचनाकाल, ग्रन्थकार, पात्र-परिचय आदि के वारे में अभिनव विचार सामग्री प्रस्तुत की गयी है [वि० सं० १२८] १२-५०

१७७ **रामाभ्युदययात्रा**—श्री रुद्रप्रसाद अवस्थी सम्पादित। (वाराणसी की शास्त्री प्रथम खण्ड परीक्षा के अनिवार्य प्रथम पत्र निर्धारित) संस्कृत-हिन्दी व्याख्या सहित।
[वि. सं. ११९] २-५०

१७८ **रामायणमञ्जरी।** महाकवि क्षेमेन्द्र विरचित। विजयमित्र शास्त्री कृत संस्कृत-हिन्दी व्याख्या सहित।
वाल्मीकि रामायण के आधार पर रचित यह ग्रंथ विद्वानों के हृदयों को हर लेने वाला है। नवीन कवि कल्पनाओं से यह ग्रंथ परिपूर्ण है। यह अनुपम काव्य ग्रंथ अभी तक अव्याख्यान ही रहा है। मूल ग्रन्थ भी अप्राप्य था। शीघ्र प्राप्त होगा

*१७९ **रुक्मिणीकल्याणकाव्यम्।** राजचूड़ामणि दीक्षित कृतम्। नेट ५-००

१८० **हिन्दी वक्रोक्तिजीवित।** व्याख्याकार—राधेश्याम मिश्र
सावतरण हिन्दी अनुवाद, विमर्शाख्य हिन्दी व्याख्या, टिप्पणी (नोट्स) समालोचनात्मक प्रस्तावना तथा विविध परिशिष्ट-विभूषित संग्राह्य संस्करण। इस अभिनव संस्करण की विशेषता यह है कि इस क्षेत्र के समस्त मत-मतान्तरों एवं प्रस्तुत ग्रन्थ के पूर्ण टीकागत सम्यक् रूप से अप्रतिपादित अंशों का हृदयस्पर्शी मार्मिक युक्ति प्रमाणों द्वारा जो निराकार किया गया है वह निश्चित ही अभूतपूर्व है। भूमिका में व्याख्याकार ने अब तक की समस्त नवीन गवेषणाओं और उपलब्धियों का समाहार करते हुए पाठकों के लिए प्रस्तुत संस्करण को सर्वतोभावेन सुन्दर एवं उपयोगी वना दिया है। [का. १८०] १५-००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१८१ **वरदाम्बिकापरिणयचम्पूः** । तिरुमलाम्बा विरचित । आंग्लानुवाद सहित । डा० सूर्यकान्त सम्पादित

प्रस्तुत चम्पूकाव्य मध्ययुगीन संस्कृत साहित्य का एक श्रेष्ठ रत्नस्वरूप है । इस चम्पूकाव्य में एक ऐतिहासिक-कथावस्तु को उपजीव्य कर कविकल्पना की पराकाष्ठा दिखलाई गई है । किन्तु खेद की बात यह है कि एक दाक्षिणात्य राज्ञी की इस कृति से उत्तर भारत के संस्कृतज्ञ परिचित नहीं रहे । प्रसिद्ध विद्वान् डॉ० सूर्यकान्त शास्त्री जी के प्राञ्जल अंग्रेजी अनुवाद तथा महत्त्वपूर्ण टिप्पणियों के साथ परिशुद्ध यह संस्करण सभी वर्ग के पाठकों को उपयोगी सिद्ध होगा । शीघ्र प्राप्त होगा

१८२ **वाग्भटालङ्कारः** । सिंहदेवगणिविरचित संस्कृत-व्याख्या डॉ० सत्यव्रतसिंह कृत 'शशिकला' हिन्दीव्याख्या सहित ।

संस्कृत टीका के साथ विमर्शात्मक हिन्दी व्याख्या हो जाने से अब साहित्य शास्त्र के जिज्ञासुओं की साहित्यविषयक जिज्ञासा इस एक ही लघुकाय ग्रन्थ से पूर्ण हो सकती है । [वि. सं. ३३] २-००

१८३ **वाग्वल्लभः** । पं० दुःखभञ्जनकविकृतः । महामहोपाध्याय कविचक्रवर्ति पं० देवीप्रसादकृत 'वरवर्णिनी' नामक टीकायुतः । छन्दोज्ञान के लिए यह अद्वितीय पुस्तक है । संस्कृत साहित्य में जितने बिखरे हुए छन्द है उन सभी के लक्षण व्याख्या सहित उल्लेख किए गए हैं । संस्कृत तथा हिन्दी उभय कवियों एवं कविता प्रेमियों के लिये यह अवश्य संग्रहणीय ग्रन्थ है । [का. १००] ५-००

१८४ **वासवदत्ता** । 'चपला' संस्कृत-हिन्दी व्याख्योपेता ।

नवीनपद्धति के अनुकूल इसकी सरल सुबोध संस्कृत टीका में प्रति पद का पर्याय, कोश, अलंकार आदि देकर तदनुरूप हिन्दी टीका में भी पद पद का विस्तृत विवेचन किया गया है । इसकी गवेषणात्मक हिन्दी प्रस्तावना भी अध्ययन करने योग्य है । द्वितीय संस्करण [वि. सं. २] ५-००

१८५ **विक्रमाङ्कदेवचरितम्** । व्याख्याकार—डॉ० गजानन शास्त्री

उच्च कक्षा के परीक्षार्थी विद्यार्थियों के लिये ही नाटक का यह प्रथम सर्ग पृथक् छापा गया है । इसकी व्याख्या में अन्वय देकर प्रतिपद के समास, विग्रह, पर्याय, कोश आदि दिये गये हैं । इसकी हिन्दी व्याख्या परीक्षार्थियों के लिये नोटस् का काम करता है । ४७ पृष्ठ की समालोचनात्मक इसकी भूमिका मात्र से ही परीक्षार्थी मौलिक सभी प्रश्नों के उत्तर दे सकेंगे । प्रथम सर्ग [ह. २७९] २-२५

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१८६ **विक्रमाङ्कदेवचरितम्** । 'प्रबोधिनी' व्याख्योपेतम् ।

राष्ट्रभाषा हिन्दी में छात्रोपयोगी व्याख्या तथा सुविस्तृत प्रस्तावना में ग्रन्थ और ग्रन्थकार का परीक्षार्थियों के लिए अधिक उपयोगी है ।

[ह. २५४] प्रथम सर्ग ०-६५

१८७ **विदुलोपाख्यानम्** । वाराणसी की पुराणेतिहास-पूर्व-मध्यमा प्रथम खण्ड परीक्षा पाठ्य ग्रंथ । 'लीला' 'विलास' संस्कृत हिन्दी टीका सहित । [ह. १८१] ०-६५

प्रस्तुत ग्रंथ में रस, ध्वनि एवं अलंकार को प्रतिनिधि-सिद्धान्त मान कर उन्हीं का विवेचन किया गया है। काव्य के स्वरूप, कारण, हेतु एवं भेद, शब्दशक्ति, ध्वनि, रस, गुण एवं दोषों का वर्णन प्रमुख है। दूसरे खण्ड में अलंकारों का विश्लेषण, विशेषतः ऐतिहासिक एवं सैद्धान्तिक दृष्टि से किया गया है। शब्दशक्तियों के वर्णन में शास्त्रार्थ वाले स्थानों पर तथा अभिधा, लक्षणा, व्यंजना के विषय में विस्तृत एवं निर्भ्रान्त विवेचन है। संस्कृत के मूल ग्रन्थों के उद्धरणप्रमाण स्वरूप उपन्यस्त हैं। ग्रन्थ अपने में पूर्ण है। [वि. रा. ११३] १५-००

१२९ **भारतीय दर्शन में चेतना का स्वरूप।** श्रीकृष्ण सक्सेना।

डॉ० सक्सेना की Nature of Conciousness in Hindu Philosophy नामक अंग्रेजी पुस्तक भारतीय दर्शन शास्त्र के अनुरागियों में विशेष प्रसिद्धि प्राप्त कर चुकी है; उसी महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ का हिन्दी रूपान्तर पाठकों के सामने प्रस्तुत किया गया है। वस्तुतः स्थावर जङ्गमात्मक इस विश्व में चेतना का अस्तित्व, उसका स्वरूप तथा भिन्न-भिन्न प्रकाश, दार्शनिक और वैज्ञानिक दोनों के ही सामने बहुत सी समस्याएँ रखते हैं और दार्शनिक चिन्तन के प्रारम्भिक युग से इन समस्याओं को हल करने के लिए हमारे सभी दार्शनिकों ने सूक्ष्मातिसूक्ष्म विचार उपन्यस्त किये हैं। डॉ० सक्सेना ने अपने इस शोध ग्रन्थ में बड़े ही सुन्दर और व्यवस्थित ढङ्ग से उसी विचार-परम्परा का विवेचन प्रस्तुत किया है। राष्ट्रभाषा प्रेमी भारतीय दर्शन के अनुरागी विद्वान् इससे अधिकाधिक लाभान्वित होंगे। [वि. रा. १२३] १०-००

*१३० **भारतीय-रत्न-चरितम्।** श्री रुद्रदत्त पाठक

संस्कृत के ललित एवं सरल वाक्यों में गुम्फित यह कथाशैली का प्रथम भारतीय इतिहास-ग्रन्थ है। जिसमें सृष्टि की उत्पत्ति से भारतीय-स्वातन्त्र्य-प्राप्ति तक की घटनाओं की जानकारी प्राप्त होती है। ८-००

१३१ **भारतीय साहित्य की रूपरेखा।** डॉ० भालाशंकर व्यास

वाराणसी का शास्त्री द्वितीय खण्ड परीक्षा पाठ्य स्वीकृत

वेदों से लेकर अब तक के समस्त भारतीय साहित्य—वैदिक, संस्कृत, पालि-प्राकृत तथा अपभ्रंश साहित्य—की रूपरेखा के अलावा भारत की सभी आधुनिक भाषाओं—हिन्दी, उर्दू, बँगला, मराठी, गुजराती, तमिल, तेलुगु, आदि—के प्राचीन तथा अद्यतन साहित्य की गतिविधि का सुन्दर परिचय इसी एक ग्रन्थ से प्राप्त हो जाता है [वि. रा. ५३] ७-५०

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१३२ **भारतीय साहित्यशास्त्र और काव्यालंकार।** डॉ० भोलाशंकर व्यास

अलंकार भारतीय साहित्यशास्त्र का कठिनतम तथा जटिलतम अंग है पर अभी तक अलंकारों पर शास्त्रीय, वैज्ञानिक तथा तुलनात्मक दृष्टि से प्रस्तुत कोई विवेचना नहीं मिलती। प्रस्तुत ग्रन्थ द्वारा यह कमी पूरी हो जाती है। पाश्चात्य साहित्यशास्त्र के गंभीर अध्ययन के साथ ही भारतीय साहित्यशास्त्र के मूल ग्रन्थों का ठोस परिज्ञान इस ग्रन्थ में प्रतिपद लक्षित होता है। नवीन दृष्टि से भारतीय साहित्यशास्त्र की प्राचीन स्थापनाओं की ऐसी प्रामाणिक तथा आधिकारिक विवेचना हिंदी क्षेत्र में कम ही मिलेगी। भरत से आचार्य रामचन्द्र शुक्ल तक तथा अरस्तू से इलियट तक सभी भारतीय तथा पाश्चात्य साहित्य शास्त्रियों के प्रासंगिक मतों को कुशलतापूर्वक आत्मसात् कर प्रस्तुत किया गया है। इस ग्रन्थ की अन्य मूल्यवत्ता यह भी है कि अलंकारों के सम्बन्ध में प्रचलित शास्त्रार्थों और प्रसिद्ध उदाहरण-पद्यों को विवेचना में खास तौर पर लिया गया है और साथ में मध्ययुगीन तथा अर्वाचीन हिन्दी-कविता से भी तत्-तत् अलंकारों के उदाहरण दिये गये हैं। प्रथम भाग

[वि. रा. ८९] ८-००

१३३ **भारवि काव्य में अर्थान्तर न्यास।** उमेशप्रसाद रस्तोगी

प्रस्तुत ग्रन्थ में भारवि के जन्मकाल, स्थान तथा काव्य का परिचय देते हुए प्रवाहपूर्ण भाषा तथा मार्मिक शैली में उनके अर्थान्तरन्यास-सम्बन्धी काव्य, कवित्व तथा प्रतिभा का समुचित विवेचन तथा यथार्थ विश्लेषण किया गया है। [वि. रा. ८२] ६-००

*134 Bhasa : A Study. By Dr. A. D. Pusalkar. With a Foreword by Dr. A. Berriedale Keith. 33-00

१३५ **भाषा वैज्ञानिक संस्कृत व्याकरण।** डॉ० लाल रमायदुपाल सिंह यन्त्रस्थ

१३६ **मधुपर्क।** श्री देवीरत्न अवस्थी 'करील'।

व्रजभाषा के ललित पद्यों में कृष्णचरित-वर्णन के माध्यम से यह काव्य जनतन्त्र की सही व्याख्या प्रस्तुत करता है तथा भारतीयों के मन में देशप्रेम एवं वीर-भावों को उद्बुद्ध कर सकने में पूर्ण समर्थ है। यह अभिनव ललित काव्य बड़े कौशल से रचा गया है। [वि.रा.११५] १०-००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१३७ **मध्यकालीन साहित्य में अवतारवाद।** डॉ० कपिलदेव पाण्डेय। भू० ले०, डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी

इस ग्रंथ में वैदिक साहित्य से लेकर उत्तर-मध्यकालीन साहित्य तक के अवतारवादी रूपों और प्रवृत्तियों का विशद विवेचन किया है। एकत्र ही वेद, ब्राह्मण, उपनिषद्, महाकाव्य, पुराण, गीता, आगम तथा बौद्ध, जैन, नाथ, शैव, शाक्त, संत, सूफी, भागवत, पांचरात्र आदि साम्प्रदायिक साहित्यों के विभिन्न अवतारवादी तत्त्वों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया है। साथ ही दशावतार, चौबीस अवतार, राम, कृष्ण, अर्चा, आचार्य, भक्त आदि विविध अवतारों का भी मौलिक विवेचन हुआ है। अंत में अवतारवाद के मानवशास्त्रीय (एन्थ्रोपोलौजिकल), ऐतिहासिक, दार्शनिक, साहित्यिक तथा मनोवैज्ञानिक अध्ययन की विभिन्न विचारधाराओं पर भी यथेष्ट विचार किया गया है। समस्त ग्रंथ में अवतारवाद और भक्ति से सम्बद्ध सैकड़ों पारिभाषिक शब्दों पर स्वतन्त्र शोधपूर्ण विस्तृत निबंध लिखे गये हैं, प्राचीन एवं मध्यकालीन शोधकों के लिए यह संदर्भग्रन्थ अत्यन्त महत्त्वपूर्ण और उपादेय है। [वि. रा. ६०] ३०-००

१३८ **मराठी का भक्ति साहित्य।** प्रो० भी० गो० देशपांडे

मराठी के भक्ति-साहित्य के विभिन्न काव्यरूपों के मूल स्रोत और विकास का मनोवैज्ञानिक ढंग से हिन्दी में अत्यन्त प्रामाणिक एवं सटीक विवेचन किया गया है। साधारण संस्करण ८-००

राज संस्करण [वि. रा. २०] १०-००

१३९ **महर्षि वेदव्यास।** (एक ऐतिहासिक व सांस्कृतिक पर्यालोचन)) पं० उमाशंकर दीक्षित।

इस पुस्तक में ज्ञान के महोदधि भगवान् वेदव्यास के सम्बन्ध में सभी पुराणों का हवाला देते हुए इतिवृत्तात्मक विवेचन प्रस्तुत किया गया है। पौराणिक जिज्ञासुओं के लिए यह ग्रन्थ अधिक उपादेय है

[वि० रा० ११९] ४-५०

१४० **महाकवि कालिदास।** (देव पुरस्कार से पुरस्कृत) डॉ० रमाशंकर तिवारी।

अब तक उपलब्ध सम्पूर्ण सामग्री का विवेकपूर्ण उपयोग कर कालिदास का देश-काल तथा उनकी सौन्दर्य भावना, प्रेम भावना, काव्यादर्श, लोकादर्श आदि विषयों की १८ अध्यायों में प्रामाणिक विवेचना की गई है।

[वि. रा. ४१] यन्त्रस्थ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१४१ **मध्यभारतीय भाषा-चयन।** डॉ० वीरमणिप्रसाद उपाध्याय
नागरी लिपि में प्रथम वार प्रकाशित प्रस्तुत चयन मध्यभारतीय भाषा के तिथिक्रम और वैविध्य को ध्यान में रखकर किया गया है। एण्डर्सन के 'पालिरीडर' तथा डॉ० कुमारसेन के 'मिडिल इण्डो आर्यन रीडर' से इस चयन में विशेषरूप से प्रेरणा ली गयी है। पुस्तक के प्रारम्भ में मध्यभारतीय भाषा के विकास का संक्षिप्त क्रम वतलाया गया है तथा अन्त में कठिन शब्दों पर भाषाविज्ञान की दृष्टि से टिप्पणी भी दी गयी है। विश्वविद्यालयीय छात्रों तथा भाषाशास्त्रियों के लिये पुस्तक अधिक उपयोगी और अद्वितीय है [वि० रा० १२५] ५-००

१४२ **महाकविभवभूति।** डॉ० गङ्गासागर राय।
इस ग्रन्थ में महाकवि भवभूति के व्यक्तित्व तथा कृतियों का अनूठा, साङ्गोपाङ्ग विवेचन तथा उनकी रससिद्ध वाणी का यथार्थ मूल्याङ्कन प्रस्तुत किया गया है। अनुसन्धान पूर्ण परिशिष्ट बड़े श्रम से संकलित किये गये हैं। अनुसन्धानकर्त्ताओं तथा उच्च कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए अत्युपयोगी ग्रन्थ है। [वि. रा. ७९] ५-००

१४३ **महाकवि भास : एक अध्ययन।** आचार्य बलदेव उपाध्याय।
आज से लगभग २४०० वर्ष पूर्व महाकवि भास ने संस्कृत में जिन नाटकों की रचना की थी, उनकी उत्कृष्टता तथा एतद्विषयक किसी उपयुक्त ग्रन्थ के अभाव के कारण इस पुस्तक का जन्म हुआ है। इसमें भास के नाटकों का परिचय, समीक्षण, तत्कालीन देश-काल की स्थिति आदि का प्रामाणिक तथा सांगोपांग विवेचन किया गया है। भास के समय आदि का भी प्रामाणिक निर्णय किया गया है तथा इस संबन्ध में उपलब्ध विभिन्न मत-मतान्तरों की तटस्थ एवं पूर्वग्रह-विमुक्त समीक्षा प्रस्तुत की गई है। [वि. रा. ७३] ४-००

१४४ **महाकवियों की अमर रचनायें।** श्री चक्रधर शर्मा।
इस पुस्तक में संस्कृत के विख्यात महाकवियों (वाणभट्ट, कालिदास, भवभूति, भारवी, माघ आदि) के जीवनवृत्त एवं उनकी प्रमुख उत्कृष्ट रचनाओं का हिन्दी में सुसम्बद्ध, संक्षिप्त कथानक औपन्यासिक, सरस एवं आकर्षक ढङ्ग से विन्यस्त किया गया है। इसे एक बार पढ़ लेने से ही उन महाकवियों एवं उनकी रचनाओं के सम्बन्ध में सभी आवश्यक विषय भली प्रकार ज्ञात हो जायेंगे। [वि. रा. ३] २-००

145 MYTHOLOGY OF THE ARYAN NATIONS : By Sir George W. Cox. [Chow.Sans.Studies Vol. XXVII] 30-00

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१४६ **महाकवि शूद्रक** । आचार्य रमाशंकर तिवारी ।

प्रस्तुत पुस्तक में शूद्रक सम्बन्धी सम्पूर्ण अध्ययन का विवेचनात्मक आलोडन कर, मृच्छकटिक के रचयिता के ऊपर पहली बार विशद एवं प्रामाणिक प्रकाश डाला गया है। पुस्तक में समाविष्ट ऐतिहासिक पर्यालोचन का अपना विशिष्ट महत्त्व है और लेखक ने संस्कृत साहित्य की इस विशिष्ट यथार्थवादी नाट्यकृति का प्रौढ़ एवं प्राञ्जल विवेचन प्रस्तुत किया है। उपपादन की शैली नितांत तर्कपूर्ण एवं व्यवस्थित है तथा शूद्रक सम्बन्धी अनेक कल्पनाओं एवं मान्यताओं का संतुलित विवेचन यहाँ उपलब्ध है [वि. रा. १०८] १२-५०

१४७ **सोमेश्वर कृत मानसोल्लास : एक सांस्कृतिक अध्ययन** । डा० शिवशेखर मिश्र ।

चालुक्य कुलोत्पन्न महाराज सोमेश्वर विरचित धर्मशास्त्रीय ग्रन्थ मानसोल्लास के परिशीलन माध्यम से तत्कालीन संस्कृति एवं रीति-नीति का सुस्पष्ट परिचायक ग्रन्थ। [वि. रा. ९९] २५-००

*148 Medieval Nepal. By D. R. Regmi. Part-I Early Medieval Period 750-1530 A. D., Part II-A History of the Three Kingdoms 1520-1768 A. D., Part III-Source Materials for the History and Culture of Nepal., Part IV—Select Inscriptions 1524-1768 A.D. 170-00

149 Medieval Malwa. A Political and Cultural History 1401-1562. By Dr. Upendra Nath Day. 30-00

150 MITHILA IN THE AGE OF VIDYAPATI. C. 1330-1525 A. D. A Study in Cultural History. By Prof. Radha Krishna Choudhary. In the Press

*151 Military System in Ancient India. By B. K. Majumdar. 10-00

*152 Methods of Social Research. By N. A. Thoothi. 9-50

153 Manual of Pali. By C. V. Joshi. 5-50

*154 Mohen-Jo-Daro. By Prof. C. L. Mariwalla. 3-00

*१५५ **युगाराध्य निराला** । पं० गंगाधर मिश्र ।

इस ग्रन्थ में हिन्दी साहित्य के सर्वांगीण परिचय के साथ महाकवि सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' के गद्य-पद्य मय समस्त वाङ्मय की सारगर्भिति समीक्षा सुलभ की गई है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी आदि हिन्दी के महारथी विद्वानों ने इसकी भूरि २ प्रशंसा की है—जो पुस्तक में छपी है १०-००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

*156 Marwar and the Mughal Emperors (A. D. 1526–1748). By Dr. V. S. Bhargava. 15-00

+१५७ **यूरोप और वहाँ के संग्रहालय** । डॉ० सतीशचन्द्र काला। यूरोप के संग्रहालयों का विविध दृष्टिकोणों से प्रामाणिक एवं हृदयग्राही वर्णन तथा भारत से यूरोप ले जाई गई दुष्प्राप्य वस्तुओं का विवेचन प्रस्तुत ग्रन्थ का विषय है। आर्ट पेपर पर छपे लगभग ५० दुष्प्राप्य चित्र भी दिए गये हैं। ५-००

*158 European Agency Houses in Bengal (1783–1833). By S. B. Singh. 20-00

*159 Rise of the Mahomedan Power in India. Reprint. 4 Vols. By J. Briggs. 160-00

*160 Rise and Fall of the Maratha Empire. By Rajaram Vyankatesh Nadkarni. Foreword by D. V. Potdar. 30-00

*161 Rashtrakutas and their Times. By Dr. A. S. Altekar. 20-00

*162 Riddle in Indian Life: Lore and Literature. By Durga Bhagwat. 16-26

*163 Record of the Buddhist Religion. As practised in India and the Malay Archipelago (A. D. 671–695). By I-Tsing. Translated by J. Takakusu. With a letter from the Right-Hon. F. Max Muller. With a Map. 20-00

*164 Lyric in Indian Poetry. A Comparative Study in the Evolution of Bengali Lyric forms up to the Seventeenth Century. By A. R. Dasgupta. 10-00

*165 Lectures on Rajput History. By A. C. Banerjee. 8-00

१६६ **लौकिक संस्कृत साहित्य का संक्षिप्त इतिहास**

(हिन्दी रूपान्तर) मूल लेखक : डा० गौरीनाथ शास्त्री उपकुलपति : वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी। प्रस्तुत संस्करण लेखक के मूल अंग्रेजी 'A Concise History of Classical Sanskrit Literature' ग्रन्थ का हिन्दी अनुवाद है। अंग्रेजी संस्करण अपनी संक्षिप्त सीमा में लौकिक संस्कृत साहित्य के एक अत्यन्त व्यापक तथा यथातथ्य विवेचन के कारण विद्यार्थियों में अत्यन्त लोकप्रिय रहा है। इसे हिन्दीभाषी विद्यार्थियों को सुलभ बनाने के उद्देश्य से ही हम हिन्दी अनुवाद प्रस्तुत कर रहे हैं। एक बार ग्रन्थ के अवलोकन से इसकी उपयोगिता का लाभ स्वयं स्पष्ट हो जायगा। [वि. रा. ११४] ९-००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

*167 Later Indo Scythians. By Sir Alexander Cunningham.

*168 Later Hindu Civilisation. By Ramesh Chandra Dutt. 25-00

१६९ **लौकिक संस्कृत साहित्य।** (Classical Sanskrit Literature by A. B. Kieth) अनुवादक— श्री चारुचन्द्र शास्त्री। 14-50

अनुवाद में स्थान-स्थान पर मूल ग्रन्थों के उद्धरण देकर बड़े श्रम के साथ ग्रन्थ का सम्पादन हुआ है। [वि. रा. ५५] ७-५०

१७० **वाग्विज्ञान।** (भाषाशास्त्र)—आचार्य सीताराम चतुर्वेदी। भाषा-शास्त्र के अन्य प्रचलित ग्रन्थों से इस ग्रन्थ में तीन मुख्य विशेषताएँ हैं—१. विदेशी भाषा-वैज्ञानिकों के उन मतों का युक्ति युक्त तर्कों के आधार पर खण्डन करके नवीन तथा पूर्णतः मौलिक सिद्धान्तों की स्थापना की गई है। २. ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर भाषाओं का विवेचन, वर्गीकरण तथा परीक्षण किया गया है। ३. भाषा और मन का घनिष्ठ सम्बन्ध स्पष्ट करने मनोवैज्ञानिक दृष्टि से भाषा के विभिन्न स्वरूपों का विस्तृत सोदाहरण विवरण दिया गया है। केवल भारतीय भाषाशास्त्र के ही क्षेत्र में नहीं, विश्व के भाषा-शास्त्र के क्षेत्र में भी यह ग्रन्थ पूर्णतः मौलिक और अभिनव है। आकार डिमाई ८ पेजी, पृष्ठ संख्या लगभग ८००, सुन्दर पक्की जिल्द। [वि. रा. १२२] २०-००

*171 Wahabi Movement in India. By Q. Ahamad. 25-00

१७२ **विक्रमादित्य** [संवत्—प्रवर्तक]। डा० राजबली पाण्डेय सम्राट् विक्रमादित्य को ऐतिहासिक सिद्ध करने वाला यह बहुत ही शोधपूर्ण प्रामाणिक ग्रन्थ है। इसमें वह सभी संगत सामग्री एकत्रित की गई है जिससे पूर्वाग्रहरहित कोई भी पाठक अपने ढङ्ग से निष्कर्ष निकाल सकता है। [वि. रा. २५] १०—००

१७३ **विविधार्थ**—भारतरत्न, डॉ० भगवानदास (द्वितीय संस्करण) डॉ० साहब ने अपने जीवन काल में ही १२ लेखों का संग्रह 'विविधार्थ' नाम से प्रकाशित कर दिया था। इन लेखों में 'बुद्धि प्रबल वा शास्त्र' लेख लगभग १०० पृष्ठों में, 'भगवद्गीता का आशय और उद्देश्य' १२५ पृष्ठों में, एवं संस्कृति सम्मेलन का अभिभाषण भी १०० पृष्ठों में समाप्त हुआ है। इनमें स्वतन्त्र ग्रन्थों जैसी प्रामाणिकता और गम्भीर विवेचनात्मक शैली है। [वि. रा. ९०] ६-००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

174 VISNUDHVAJ or QUTB MANAR. By Dr. D. S. Triveda [Chow. Sans. Studies Vol. XXIV] 5-00

१७५ **विष्णुपुराण का भारत।** डा० सर्वानन्द पाठक

प्रस्तुत ग्रन्थ में विष्णुपुराण के आधार पर भौगोलिक आधार, समाजव्यवस्था, राजनीतिक संस्थान, शिक्षा-साहित्य, संग्रामनीति, आर्थिकदशा, धर्म आदि विषयों पर प्रामाणिक रूप से तत्कालीन भारत की जीवन्त झाँकी प्रस्तुत की गई है। ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक दृष्टि से इसका प्रमुख महत्त्व है। [चौ. रा. २] २०-००

176 WOMEN IN ANCIENT INDIA. By M. E. R. Martin. [Chow. Sans. Studies Vol. XLIV] 20-00

*177 Women in Mughal India. By Dr. Rekha Misra. 15-00

१७८ **वेदकालीन समाज।** डॉ० शिवदत्त ज्ञानी

ग्रन्थ का पतिपाद्य विषय है—वेदों के समय में समाज की व्यवस्था और उसकी सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक, धार्मिक, दार्शनिक, साहित्यिक, वैज्ञानिक, एवं कला और मनोरञ्जन इत्यादि से सम्बन्धित स्थितियाँ क्या थीं। लेखक ने बड़े श्रम एवं कौशल से इस ग्रन्थ का प्रणयन किया है। प्रत्येक स्थिति या आचार सप्रमाण निरूपित है। भाषा सरल, प्रवाहपूर्ण तथा प्राञ्जल है प्रत्येक कोटि के पाठक की रुचि इसे पढ़कर तुष्ट होगी। ग्रन्थ अवश्य पठनीय है। [वि. रा. १०७] २५-००

*179 Vedic India (as Embodied principally in the Ṛgveda). By Lenaide A. Ragozin. With 2 Maps. 20-00

१८० **वैदिक युग के भारतीय आभूषण**—डॉ० रायगोविन्दचन्द

वैदिक युग में मनुष्य कौन-कौन से आभूषण किस प्रकार धारण करता था, किस आभूषण के कितने भेदोपभेद या प्रकार थे, आदि का प्रामाणिक तथा सूक्ष्म विवेचन प्रस्तुत ग्रन्थ का विषय है। प्रमाण रूप में सर्वत्र ही वैदिक ऋचाएँ तथा मन्त्र सानुवाद उद्धृत किए गए हैं। उपर्युक्त विवेचन के माध्यम से भारतीय संस्कृति, सामाजिक रीति-नीति आदि की भी सुस्पष्ट झाँकी प्राप्त हो जाती है। इतिहास, शोध, मानवविज्ञान आदि के अध्येताओं के लिये यह संग्राह्य है।

[वि. रा. ८४] १५-००

181 VRATYAS IN ANCIENT INDIA. By Prof. Radha Krishna Choudhary [Chow. Sans. Studies. Vol. XXXVIII] 15-00

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१८२ **वैदिक योगसूत्र** । श्री हरिशंकर जोशी ।

प्रस्तुत ग्रन्थ में वेद-ब्राह्मण-आरण्यक-उपनिषद-पुराणादि में विकीर्ण तथा व्याप्त उस प्राचीन योगदर्शन का चूडान्त विवेचन किया गया है जिसे जाने बिना हम अपनी संस्कृति, दर्शन और ज्ञान-सम्पत्ति का न तो उचित मूल्यांकन कर सकते, न उनके रहस्यों की अनुभूति ही पा सकते हैं। उपनिषद्-युग के साथ लुप्त हुए उस योगदर्शन का इस ग्रन्थरूप में पुनरभ्युदय आपको चकित कर देगा। सोमयोग, अग्नियोग आदि का विवेचन तो इस ग्रन्थ के अतिरिक्त कहीं मिलेगा ही नहीं। अकाट्य तर्कों तथा युक्तियों के साथ आकर-ग्रन्थों के वचन भी प्रमाण-त्वेन उपन्यस्त हैं। वेदों का मुख्य प्रतिपाद्य योगदर्शन ही है यह प्रमाणित करने के लिये वेदों के अतिप्रसिद्ध पुरुषसूक्त और अस्यवामीय सूक्त सुविशद व्याख्या सहित दिए गए हैं। प्रवाहपूर्ण प्राञ्जल भाषा-शैली में लिखे इस शोधपूर्ण ग्रन्थ का पारायण वेदों, प्राचीन ऋषियों तथा स्वात्मस्थ ज्ञानभण्डार के निकट पहुँचाकर आपको अवश्य चमत्कृत कर देगा। अविलम्ब क्रय करने योग्य उत्तम ग्रन्थ है। [चौ. रा. ३] २०-००

१८३ **वैदिक साहित्य की रूपरेखा** । प्रो. हंसराज अग्रवाल

कई विश्वविद्यालयों में वैदिक साहित्य की रूपरेखा पाठ्यक्रम में नियत है। इस पुस्तक में वैदिक साहित्य के आदि से अन्त तक की प्रत्येक महत्त्वपूर्ण अङ्ग की जानकारी पाठक को संक्षेप से करा दी गई है। इसके अध्ययन से छात्रों को सर्वांगपूर्ण वैदिक साहित्य की महत्त्वपूर्ण बातों का आवश्यक ज्ञान हो जायगा। [वि. रा. ८७] २-००

*१८४ **वैदिक साहित्यचरित्रम्** । नेट ३-००

१८५ **शृङ्गार रस का शास्त्रीय विवेचन** । डॉ० इन्द्रपाल सिंह

प्रस्तुत ग्रन्थ में आचार्य भरत के नाट्यशास्त्र से आरम्भ कर भानुदत्त की रसमञ्जरी से सम्बद्ध अंशों का आकलन करते हुए शृङ्गार रस से सम्बन्धित सिद्धांतों का समीक्षात्मक एकत्रीकरण भी किया गया है। उदाहरण संस्कृत और प्राकृत दोनों के ही हैं जिनकी आवश्यक व्याख्या भी दी गई है। काम और शृङ्गार के व्युत्पत्तिपरक अर्थ के अनन्तर उनकी सर्वव्यापकता और अन्योन्याश्रयता का अनूठा विवेचन इस ग्रन्थ की प्रमुख विशेषता है। इस प्रकार इस ग्रन्थ में शृङ्गार रस से सम्बन्धित सम्पूर्ण शास्त्रीय विवेचन एवं तत्त्व-संचयन पाण्डित्य पूर्ण ढंग से प्रस्तुत कर दिया गया है [चौ. रा. ४] १०-००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

186 SRI AUROBINDO AND THE THEORIES OF EVOLUTION. A Critical and Comparative Study. By Dr. Rama Shanker Srivastava. [Chow. Sans. Studies Vol. LX] 30–00

*187 Sanskrit and Prakrit Mahakavyas. By R. Upadhyaya. 10–00

१८८ **संस्कृत-कवि-दर्शन** । डॉ० भोलाशङ्कर व्यास ।

इस पुस्तक में कई कवियों के विषय में ऐसे मौलिक सङ्केत किये गये हैं, जो अनुसन्धान-कर्ताओं को मार्ग-दिशा दे सकते हैं। साहित्यिक समाज को बहुत दिनोंसे संस्कृत कवियों पर हिन्दी में सैद्धान्तिक, व्यावहारिक और समाजशास्त्रीय आलोचना का अभाव खटकता था। डॉ० व्यास ने इस अभाव की पूर्ति कर दी है। शास्त्री, आचार्य तथा बी० ए०, एम० ए० और साहित्यरत्न की परीक्षाओं में निबन्ध और इतिहास के लिये यह पुस्तक अधिक उपादेय है द्वितीय परिवर्द्धित संस्करण [वि. रा. ४] ७–००

१८९ **संस्कृत के विद्वान् और पंडित** । श्री रामचन्द्र मालवीय ।

संस्कृत वाङ्मय की उपासना में जीवन व्यतीत करनेवाले, भारतीय गौरव के आधार-स्तम्भ २४ महामनीषियों का प्रेरणाप्रद चरित इस पुस्तक में वर्णित हैं। इनमें पश्चिम के उन महनीय पुरुषों का भी चरित है जिनकी साधना भारतीय वैदिक ज्ञान की समृद्धि में सहायक रही है। कल के भारत के लिये आज के विद्यार्थी को वस्तुतः ऐसी ही पुस्तकों की नितान्त आवश्यकता है [चौ० पु०] १–७५

१९० **संस्कृत महाकाव्य की परम्परा** । (कालिदास से श्रीहर्ष तक) डॉ० केशवराव मुसलगाँवकर ।

इस ग्रंथ के पूर्वार्ध में काव्यों के सिद्धान्तों का विवेचन करते हुये उत्तर-कालीन महाकाव्यों को कृत्रिम रूप देनेवाले कारणों का उल्लेख करके रस, अलंकार, रीति, ध्वनि, वक्रोक्ति तथा औचित्य का विश्लेषणात्मक विवेचन करते हुये यह सिद्ध कर दिया है कि वस्तुतः काव्य की आत्मा क्या है। ग्रन्थ के उत्तरार्ध में २६ महाकाव्यों के कथानक, रसभावाभिव्यक्ति, वस्तुवर्णन, व्युत्पत्ति, अलंकार, छन्द, भाषा आदि का सुविस्तृत अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। इस प्रकार यह ग्रन्थ छात्र विद्वान् तथा संस्कृत साहित्य के जिज्ञासुओं के लिये परम उपयोगी एवं संग्राह्य है। २५–००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१९१ **संस्कृत नाट्यसिद्धान्त** । डॉ० रमाकान्त त्रिपाठी ।

प्रस्तुत प्रबन्ध में १ से ६ अध्यायों मे नाट्यसम्बन्धी सिद्धान्तों की विवेचना की गयी है । विषय विभाजन इस प्रकार है—१. रूपक और उसके भेद-प्रभेद, २. अर्थप्रकृति, सन्धि और सन्ध्यङ्ग, ३. नायक-नायिका-भेद एवं अलंकार, ४. वृत्ति और अभिनय तथा ५. रस-भेद । इस प्रकार आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति से नाट्यसिद्धान्तों का एकत्र एक ही पुस्तक में राष्ट्रभाषा में सर्वांगपूर्ण विवेचन होने के कारण यह संस्करण संस्कृत, हिन्दी, अंगरेजी के छात्रों, अध्यापकों तथा साहित्य प्रेमियों के लिये समान रूप से उपयोगी है । [वि. रा. १२८] १०-००

१९२ **संस्कृत-भाषा-विज्ञानम्** । श्रीरामाधीन चतुर्वेदी

इस निबन्ध-ग्रन्थ में शिक्षा-प्रातिशाख्य-तन्त्र-निरुक्त आदि ग्रन्थों में आए शब्दों की उत्पत्ति के प्रकार तथा शब्द-विकृति के नियमों की विवेचना की गई है । संस्कृत भाषा में लिखा यह अपने विषय का सर्वप्रथम सफल ग्रन्थ है । इसमें वेदों से लेकर आज तक के इस सम्बन्ध के जितने भी विषय हैं, सब पर सुचिन्तित प्रौढ़ सामग्री प्रस्तुत की गई है । ग्रन्थ की श्रेष्ठता का अनुमान विषय-सूची देखकर ही कर लिया जा सकता है ।

[वि. सं. १०४] ६-००

१९३ **संस्कृतवाङ्मयपरिचयः** । (संस्कृत ऐतिहासिक ग्रन्थ)

पण्डित मधुसूदन प्रसाद मिश्र (शास्त्री परीक्षोपयोगी)

वेद से लेकर बीसवीं सदी तक के संस्कृत साहित्य के ग्रन्थों का उद्गम-काल, इतिहास, रचयिताओं के संक्षिप्त इतिवृत्त इस ग्रन्थ में दिए गये हैं । संस्कृत साहित्य में इस ढङ्ग का श्रेष्ठ यह प्रथम ग्रन्थ है ।

[वि. सं. १३] १—५०

१९४ **संस्कृत साहित्य का इतिहास** । (बृहत् संस्करण)

श्री वाचस्पति गैरोला । (बिहार आदि की साहित्याचार्य परीक्षा पाठ्य स्वीकृत) उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा पुरस्कृत

आर्यों का आदि देश एवं आर्य-भाषाओं के उद्भव से लेकर उन्नीसवीं सदी तक की सहस्राब्दियों में संस्कृत-साहित्य की जिन विभिन्न विचार-वीथियों का निर्माण हुआ और राजवंशों के प्रश्रय से संस्कृत भाषा को जो गति मिली उसका भी समावेश पुस्तक में देखने को मिलेगा ।

[वि. रा. २८] २०-००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१९५ **संस्कृत साहित्य का इतिहास।** (वैदिक साहित्य की रूपरेखा सहित) श्री हंसराज अग्रवाल ।

इस पुस्तक का विषय प्रमुखतया संस्कृत साहित्य के गौरवपूर्ण इतिहास का संक्षिप्त वर्णन है। बी० ए० के छात्रों की आवश्यकता पूर्ण करने वाला और संस्कृत साहित्य के अध्ययन में उनकी सहायता करने वाला कोई ग्रंथ नहीं है, क्योंकि संस्कृत के उपलभ्यमान इतिहास ग्रंथों में से अधिक ग्रंथ उनकी योग्यता से बाहर के हैं। यह ग्रन्थ बी० ए० श्रेणी के ही छात्रों की आवश्यकता को पूर्ण करने के विशेष प्रयोजन से लिखा गया है। प्रायः सभी विश्वविद्यालयों में यह निर्धारित है

संशोधित परिवर्धित संस्करण [वि. रा. ८६] ७-५०

१९६ **संस्कृत साहित्य का इतिहास।** आर्थर मैक्डॉनल (हिन्दी संस्करण) अनुवादक—श्री चारुचन्द्र शास्त्री

मैकडॉनल-प्रणीत 'हिस्ट्री आफ संस्कृत लिटरेचर' अपने विषय का सर्वमान्य तथा सर्वत्र पाठ्य स्वीकृत ग्रन्थ है। प्रस्तुत ग्रन्थ उसी का सरस अनुवाद है जो छात्रों तथा अध्यापकों के लिये नितान्त उपयोगी है। वैदिक काल पर्यन्त प्रथम भाग [वि. रा. ४८] ७-५०

द्वितीय भाग यन्त्रस्थ

१९७ **संस्कृत साहित्य का नवीन इतिहास।** (A New History of Sanskrit Literature by Sri Krishna Chaitanya का हिन्दी अनुवाद) अनुवादक—डॉ० विनयकुमार राय

इस ग्रन्थ में लेखक ने आरम्भिकतम सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से आरम्भ करते हुए वैदिक साहित्य से लेकर अब तक के संस्कृत साहित्य की समीक्षा की है। प्रायः आद्योपान्त विभिन्न ग्रन्थों और लेखकों से प्रतिनिधि उद्धरण देकर विवेच्य-विषय को और सुस्पष्ट बनाने की चेष्टा की गई है। प्रत्येक अध्याय के अन्त में उससे सम्बद्ध सन्दर्भ ग्रन्थों की सूची देकर भी लेखक ने और अधिक अनुसंधान करने वालों के लिए सामग्री का संकेत कर दिया है। सम्पूर्ण विषय का तत्कालीन सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक पृष्ठभूमि में अध्ययन करते हुए लेखक ने एक ऐसा नवीन दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है जो अबतक के किसी भी संस्कृत साहित्य के इतिहास में नहीं मिलता। ग्रन्थ अपनी मौलिकता तथा अपने विषय के व्यापक विवेचन के कारण विद्वानों तथा विद्यार्थियों दोनों के लिए समान रूप से अवलोकनीय है। [वि. रा. ७७] २०-००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१९८ **संस्कृत भाषा।** मूल लेखक टी० बरो, रूपान्तरकार डॉ० भोलाशंकर व्यास

इस पुस्तक में अद्यतन गवेषणाओं को आत्मसात् करते हुए प्राचीन भारत-योरोपीय भाषा, संस्कृत तथा तत्संबद्ध भाषाओं का आधिकारिक तुलनात्मक अनुशीलन प्रस्तुत किया गया है। [वि. रा. ८१] ३०-००

१९९ **संस्कृत साहित्य का संक्षिप्त इतिहास।** [संशोधित एवं परिवर्द्धित द्वितीय संस्करण] श्री वाचस्पति गैरोला।

संस्कृत साहित्य के इतिहास विषयक ज्ञानार्जन के लिए छात्रों के समक्ष जो कठिनाइयाँ थीं उनको दृष्टि में रखकर इस पुस्तक का निर्माण किया गया है। इसमें विशाल एवं अगाध संस्कृत वाङ्मय की विभिन्न शाखाओं का क्रमबद्ध विवेचन प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। इस दृष्टि से अब तक जितने भी इतिहास लिखे गये हैं उनमें इतनी सर्वांगीणता और विषय-विस्तार नहीं है।

उसकी उपयोगिता एवं विशेषता को दृष्टि में रखकर ही वाराणसी, बिहार, आगरा और सागर आदि विश्वविद्यालयों ने उसे अपने पाठ्यक्रम में स्थान दिया।

छात्रों और आध्येताओं की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए नवीन संस्करण में हमने काव्य विद्याओं को सर्वथा परिवर्द्धित एवं नवीन रूप में प्रस्तुत किया है। इस सन्दर्भ में लगभग सौ पृष्ठों की नयी सामग्री बढ़ा दी गयी है, जिससे कि निर्धारित पाठ्यक्रम का कोई भी अंग अछूता न रहे और परीक्षाकाल में छात्रों को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थियों के लिये यह सर्वश्रेष्ठ संस्करण है। [वि. रा. २९] १३-००

२०० **संस्कृत साहित्य में नीतिकथा का उद्गम एवं विकास।** डॉ० प्रभाकर नारायण कवठेकर।

पंचतन्त्र के पूर्व भारतीय नीतिकथा का उद्गम किन परिस्थितियों में हुआ, उसका वेदकालीन रूप क्या रहा होगा, जातक में लोककथा का आदान, उसके प्रसार के कारण विदेशों में उसका निर्गमन तथा महाभारत में नीतिकथा का राजनीतिक प्रज्ञा के निदर्शन के लिए प्रयोग आदि तथ्यों की गवेषणा इस प्रबन्ध की मुख्य विशेषता है। परिशिष्टों में सम्पूर्ण विश्व के नीति-कथा-साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। [चौ. रा. ७] २०-००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

२०१ **संस्कृत साहित्य में मौलिकता एवं अनुहरण।** श्री उमेशप्रसाद रस्तोगी।

प्रस्तुत प्रबन्ध में 'मौलिकता और अनुहरण' की दृष्टि से संस्कृत साहित्य के विशिष्ट स्थलों का अध्ययन करते हुए संस्कृत काव्यपाठकों के सम्मुख मौलिकता और अनुहरण विषयक नई वस्तु प्रस्तुत की गई है। भाषा-शैली आदि सभी विषयानुरूप हैं। [वि. रा. ९१] ८-००

*२०२ **संस्कृत साहित्य में सादृश्यमूलक अलङ्कारों का विकास।** डॉ० ब्रह्मानन्द शर्मा

बड़े-बड़े आचार्यों तथा उनके मतों की आलोचना करते समय लेखक ने परम्परा तथा पूर्वाग्रह का मोह नहीं रखा। अलंकारों का आन्तरिक तत्त्व समझने में यह ग्रन्थ परम सहायक होगा। अलंकारों के विषय में इतना व्यापक, विशाल तथा प्रामाणिक विवेचन प्रथमबार ही प्रकाशित हुआ है १२-००

२०३ **संस्कृतसाहित्येतिहासः** (संस्कृत) आचार्य रामचन्द्रमिश्र वाराणसी की शास्त्री द्वितीय खण्ड के अनिवार्य द्वितीय पत्र के लिए पाठ्य स्वीकृत ग्रन्थ।

इसमें वेद-वेदांग आदि से लेकर यथाक्रम काव्यकाल तथा वैशिष्ट्य विवेचन आदि विषय हैं। अतिविस्तृत विषय को संक्षिप्त करना साधारण छात्रों के लिये कष्टकर होता है अतः संक्षेप में ही विषय का यथार्थ ज्ञान कराया गया है [वि. सं. ४९] ४-००

२०४ **संस्कृत सुकविसमीक्षा।** आचार्य बलदेव उपाध्याय

विक्रमपूर्व पंचम शती से लेकर वाल्मीकि, व्यास, पाणिनि, वररुचि, कालिदास, अश्वघोष, भर्तृमेण्ठ, भारवि, भवभूति, दण्डी, बाण—आदि लगभग ३० कवि तथा कवयित्रियों के रूप तथा स्वरूप से, काव्य की आलोचना तथा रोचक दृष्टान्तों से यदि पाठक परिचय पाना चाहता है, तो वह इस प्रामाणिक ग्रन्थ का अवलोकन अवश्य करे। 'शंकराचार्य का आलोचनात्मक विवरण' एक सौ से अधिक पृष्ठों में दिया गया है जिसमें आचार्य की सम्पूर्ण जीवनी, समय, ग्रन्थ, शिष्यपरम्परा, तथा आध्यात्मिक उपदेशों का विशिष्ट विवरण विस्तार से दिया गया है। ग्रन्थ का परिशिष्ट-कविप्रशस्तयः-कविविषय का प्राचीन आलोचनामयी सूक्तियों का एकत्र संग्रह है जो पहिली बार इस रूप में प्रस्तुत किया गया है। तदनन्तर 'ऐतिहासिक परिचय' में इन अज्ञात तथा अल्पज्ञात, अप्रसिद्ध तथा अल्पप्रसिद्ध कवियों का संक्षिप्त परिचय दिया गया है। शैली सुबोध तथा भाषा रोचक है [वि. रा. ६३] २०-००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

205 Dr. SATKARI MUKHERJI FELICITATION VOLUME. A Scholarly Felicitation to a Renowned Scholar. Edited by Dr. S. Bhattacharya etc.

This Felicitation volume comprises more than sixty learned articles both critical and reflective on Buddhism, Jainism, various branches of Indian Philosophy, History, etc. by renowned scholars. It covers a wide field of Indological studies, besides, some articles published in this volume illumine quite a few problems of the day. [Chow. Sans. Studies Vol. LXIX] 90-00

२०६ **सब धर्मों की बुनियादी एकता।** डॉ० भगवानदास।

इस ग्रन्थ में संसार भर के धार्मिक मज़हबों और उनके श्रेष्ठ धर्मग्रन्थों की बारीक जानकारी देते हुए यह समझाया गया है कि सब धर्मों-मजहबों का उद्देश्य भौतिक और आध्यात्मिक कल्याण पाना ही है

[वि. रा. ३६] १२-००

*२०७ **समन्वय**—डॉ० भगवानदास। परिवर्धित संस्करण

इस ग्रन्थ में सरल शैली में समन्वय के सिद्धान्त की व्याख्या की गई है। सर्वत्र ऋषियों और मनीषियों के सुचिन्तित विचारों के मूल श्लोक प्रमाण रूप में उद्धृत किए गए हैं। इस ग्रन्थ का पारायण शिक्षा और आनन्द का साधक होगा। ५-००

*208 Some Problems of Sanskrit Poetics. By S. K. De. 15-00

*२०९ **सरस्वती भवन स्टडीज।** (वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय) १-१७ भाग १११-००

२१० **सावित्री-सत्यवान्।** बिहार मध्यमा पाठ्य स्वीकृत।

इस पुस्तक में औपन्यासिक रूप से भावुकतापूर्ण कथा का सृजन करके विद्वान् लेखक ने महाभारतीय सावित्री-उपाख्यान को सर्वथा नवीन एवं परमोपादेय रूप दिया है जो प्रत्येक बालक-बालिका तथा वयस्क के लिये भी अनिवार्य रूप से पठनीय है। [वि. रा. २४] २—००

२११ **साहित्य और सिद्धान्त।** प्रो० श्यामलाकान्त वर्मा। वाराणसी की उत्तरमध्यमा प्रथमखण्ड परीक्षापाठ्य स्वीकृत।

हिन्दी साहित्य एवं काव्यशास्त्र के सम्पूर्ण ज्ञातव्य विषयों का सार-सङ्कलन स्वरूप यह ग्रन्थ छात्रों, अध्यापकों तथा अनुसन्धित्सुओं के लिए परम उपयोगी है। [वि. रा. १७] ३—००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

*212 Survey of Recent Studies on Modern Indian History. By Dr. K. K. Datta. 8-00

२१३ **साहित्य-शास्त्र-सार।** श्री हंसराज अग्रवाल तथा श्रुतिकान्त जी।

संस्कृत के लक्षण-ग्रन्थों की तरह अत्यन्त व्यवस्थित तथा संक्षेप में साहित्य के सभी अंगों की हिन्दी में प्रामाणिक जानकारी देनेवाला यह प्रथम ग्रन्थ है। इसकी शैली बड़ी सुबोध है और विषय के वर्गीकरण में बड़े कौशल से काम लिया गया है। प्रत्येक प्रकरण के अन्त में जो अभ्यास दिए गए हैं उनके मनन से उस प्रकरण के बुद्धिस्थ होने में तनिक भी आयास नहीं होता। पाण्डित्यपूर्ण विशद भूमिका भी एतद्विषयक उत्तम विचारों से पूर्ण है। अनूठा ग्रन्थ है, एकबार देखकर ही उपयोगिता समझी जा सकती है। [वि. रा. १०३] ४-५०

२१४ **साहित्यशास्त्रीय तत्त्वों का आधुनिक समालोचनात्मक अध्ययन।** पं० मधुसूदन शास्त्री।

प्रस्तुत ग्रन्थ में मुख्यतः तीन पदार्थों का विवेचन है—साहित्य, उसके तत्त्व और उसका आलोचन। प्राचीन आचार्यों ने काव्य का लक्षण किया है—"शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्"। इस लक्षण में आचार्यों का कोई गम्भीर अभिप्राय आवश्यक है। इस लक्षण का विश्लेषण सूक्ष्म दृष्टि से किया जाय तो इस स्वरूप आनन्द का अनुभव, रसानुभव को विकृत करने वाले दोषों का त्याग, रस के अभिव्यञ्जक गुणों का संग्रह, संग्रह करने के लिए रीति, सौन्दर्य की अभिवृद्धि के लिए अलंकार आदि-साहित्य के नौ तत्त्व प्राप्त होंगे। इस पुस्तक में उन नौ पदार्थों का क्रमशः आलोचन किया गया है। प्रसङ्गवश और तत्त्वों का भी आलोचन इसमें है। लेखक की भाषा प्राञ्जल तथा शैली हृदयग्राहिणी है। यह ग्रन्थ सहृदयों एवं अलंकार शास्त्र के छात्रों के लिए निश्चित रूप से उपयोगी प्रमाणित होगा। [वि. रा. १२१] १०-००

*215 Cities and Civilization. By G. S. Ghurye. 20-00

*216 Sepoy Mutiny and the Revolt of 1857. By R. C. Majumdar. 20-00

*217 Subhas Chandra Bose: As I know Him. By K. Kurti. Foreword by S. K. Bose. Illustrated. 8-00

218 Socio-Religious, Economic and Literary Condition of Bihar (From C. 319 A.D. to 1000 A.D.). By Dr. Bhagawati Sharan Verma. With 36 Illustrations. 20-00

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

*219 Studies in Indo-Muslim History. By S. H. Hodiwala. Vol. II. 30-00

220 STUDIES IN JAINISM AND BUDDHISM IN MITHILA. By Dr. Upendra Thakur. [Chow. Sans. Studies Vol. XLIII] 15-00

*221 Studies in Nayaka-Nayika-Bheda. By Dr. Rakesa-gupta. 50-00

222 STUDIES IN THE DEVELOPMENT OF ORNAMENTS AND JEWELLERY IN PROTO-HISTORIC INDIA. By Dr. Rai Govind Chanda. [Chow. Sans. Studies Vol. XLI] 75-00

223 THE STUDY OF INDIAN ART. By K. De B. Codrington. In the Press

224 A STUDY OF HINDU ART AND ARCHITECTURE : With Special Reference to Terminology. By Dr. Lalit Kumar Sukla. In the Press

*225 Storia Do Mogor. By Manucci. 4 Vols. Reprint. (English Translation). 160-00

२२६ **स्मृति के हस्ताक्षर** । श्री देवदत्त शास्त्री ।

'स्मृति के हस्ताक्षर' निःसन्देह हिन्दी के संस्मरण-साहित्य के लिए नई देन साबित होगा । हर संस्मरण एक नया शिल्प, निखरा सौष्ठव लेकर इस पुस्तक के माध्यम से अवतरित हुआ है । कोई संस्मरण ऐसा नहीं है जो पाठक के हृदय को तरल और सरल न बनाता हो । रोमांचकारी यात्रायें, व्यक्तिगत जीवन में घटी मधुर-अम्ल-लवण-कटु-कषाय-तिक्त घटनायें पाठक में प्रेरणा, स्फूर्त्ति एवं संघर्षों से जूझने की अदम्य भावना उत्पन्न करने में पूर्ण सक्षम हैं । इन संस्मरणों के माध्यम से अज्ञात भारतीय भूगोल का रोचक अध्ययन हो जाता है । [वि. रा. ५६] ५-००

२२७ **स्वतंत्र कलाशास्त्र** । डॉ० कान्तिचन्द्र पाण्डेय ।

प्रथम भाग-भारतीय

व्यापक दृष्टि रखकर कला शब्द पर कितना विशद अध्ययन प्रस्तुत किया जा सकता है । यह इस एक ही ग्रन्थ को देखकर समझा जा सकता है । भारतीय मनीषी का प्रौढ़ पाण्डित्य और बहुज्ञत्व इस ग्रन्थ के एक एक शब्द से परिलक्षित होता है । कला को विचारों की कसौटी में कस देने पर जो ज्ञान की चिनगारियाँ प्रस्फुटित हुई हैं उन्हीं का संकलन ग्रन्थ के रूप में आपके हाथों में है । यह सचमुच अपने विषय का पूरा शास्त्र ही है । एकबार देखने पर अवश्य तुष्टि होगी । [चौ. रा. १] ३५-००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

२२८ **स्मृतियाँ और कृतियाँ**। श्री शान्तिप्रिय द्विवेदी।

हिन्दी साहित्य के सुपरिचित सिद्ध लेखक श्री द्विवेदी की प्रस्तुत पुस्तक में १० निबन्ध संस्मरणात्मक हैं तथा १५ समीक्षात्मक। लेखक की सरलता तथा सूक्ष्म दृष्टि पुस्तक के पृष्ठों में सुस्पष्ट झलकती है। प्रत्येक हिन्दी पढ़ने-जानने वाले व्यक्ति के लिये इस पुस्तक का अवलोकन निश्चित ही उपयोगी होगा। [वि. रा. १०२] ४-००

२२९ **हमारे आधुनिक कवि और उनकी कविताएँ**।

श्री व्यथितहृदय। वाराणसी की शास्त्री प्रथमखण्ड परीक्षा स्वीकृत। इसमें सरल और सुबोध ढङ्ग से हिन्दी के उन सर्वमान्य कवियों और उनकी कविताओं की आलोचना की गई है, जो उच्च कक्षाओं में अध्ययन के लिये सर्वत्र स्वीकृत हैं। समीक्षा और विषय-विवेचन में विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को ही प्रमुख रूप से महत्व दिया गया है।

[वि. रा. ११] ३—५०

*२३० **हस्तलिखित ग्रन्थों की सूची**। (वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय)

१-१२ भाग ८६-३७

२३१ **हिन्दी काव्य की सामाजिक भूमिका**। डा. शम्भुनाथ सिंह

इसमें आदि काल से लेकर अब तक के हिन्दी काव्य के इतिहास का समाजशास्त्रीय विवेचन किया गया है। दूसरी विशेषता यह है कि इसमें हिन्दी भाषा और साहित्य के उद्भव और विकास के सम्बन्ध में बिलकुल नये ढंग से और विस्तार से विचार किया गया है और हिन्दी साहित्य के इतिहास का काल-विभाजन वैज्ञानिक पद्धति से नये रूप में किया गया है। हिन्दी काव्य की युग-सापेक्ष्यता का ज्ञान जितना इस पुस्तक से हो सकता है, उतना अब तक प्रकाशित अन्य किसी इतिहास-ग्रन्थ से नहीं हो सकता। इसमें हिन्दी साहित्य का प्रारम्भ आठवीं शताब्दी से माना गया है जो लेखक के गम्भीर शोधकार्य का परिणाम है। यह ग्रन्थ हिन्दी साहित्य के अन्वेषकों, अध्यापकों और विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी है। [वि. रा. १०५] ७-५०

२३२ **हिन्दी के पौराणिक नाटक**। डॉ० देवर्षि सनाढ्य

भारतीय पुराणों ने किस प्रकार भारतीय जन-मन को प्रभावित किया है और किस प्रकार पुराण की दिव्य कथाओं ने भारतीय मनीषी को प्रेरित किया है, इन सब का प्रामाणिक विवरण इस शोध-ग्रन्थ में उपस्थित किया गया है। [वि. रा. ३५] १०-००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

२३३ **हिन्दी और मराठी का निर्गुण सन्त काव्य।**

डॉ० प्रभाकर माचवे।

इस ग्रन्थ में दक्षिण और उत्तर की भाषाओं के आरम्भिक भक्ति-साहित्य के साम्य और विभेद पर सामाजिक, ऐतिहासिक तथा साहित्यशास्त्र-विषयक मान्यताओं के परिपार्श्व में प्रामाणिक अध्ययन तथा १२वीं से १५ वीं सदी के भारतीय वाङ्मय का एक रेखाचित्र प्रस्तुत किया गया है। यह लेखक के १० वर्षों से अधिक के परिश्रम का निचोड़ है

[वि. रा. ४९] १२-००

२३४ **हिन्दुओं की प्रबुद्ध रचनाएँ।** थि० गोल्डस्टकर।
अनुवादिका-सुश्री डॉ० रमा शास्त्री।

वैदिक काल में आर्यों की संस्कृति और सभ्यता एवं उनके आचार, विचार कितने समुन्नत थे तथा किन उत्कृष्टतम ग्रन्थों से इसका प्रामाणिक विवरण प्राप्त होता है इसका विशुद्ध विवेचन राष्ट्रभाषा हिन्दी में प्रथम बार ही प्रकाशित किया गया है। [वि. रा. २६] ४—००

*235 Hindu Colonies in the Far East. By R. C. Majumdar. 15-00

२३६ **हिन्दू संस्कार।** (सामाजिक तथा धार्मिक अध्ययन)
डॉ० राजबली पाण्डेय (परिवर्द्धित परिष्कृत द्वितीय संस्करण)।

यह ग्रन्थ हिन्दू संस्कृति के अध्ययन की दिशा में महत्वपूर्ण देन है। गर्भ में आने के समय से मृत्यु के समय तक और मृत्यूत्तर संस्कारों के माध्यम से उसके परवर्ती लोकोत्तर प्रयाण तक के हिन्दू जीवन को समझने के लिए यह ग्रन्थ कुञ्जी का काम देता है। हिन्दुओं की सामाजिक तथा धार्मिक संस्थाओं के विविध अंगों के रहस्य इससे स्पष्ट हो जाते हैं। वेदों से प्रारम्भ कर मध्ययुगीन और किन्हीं स्थलों में आधुनिक भारतीय साहित्य के अध्ययन के परिणाम इस ग्रन्थ में समाविष्ट हैं

[वि. रा. १२] १६-००

237 HISTORY OF ANCIENT SANSKRIT LITERATURE: By F. Max Muller. Third Edition. Dr. F. Max Muller always sought for a scientific interpretation of the ancient most written record of mankind i.e., the vedic literature and the result of his long researches is embodied in this work. Faithful English translation of all quotations in languages other than English has been appended to this edition.

[Chow. Sans. Studies Vol. XV] 25-00

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

238 HISTORY OF INDIAN LITERATURE. By Albercht Weber. Translated from the Second German Edition by John Mann, M. A., and Theodor Zachariale Ph. D.

A work of emense importance in the field of Ancient Indian literature, enjoying popularity for more than a century. [Chow. Sans. Studies Vol. VIII] 25-00

*239 History of the Gurjara-Pratiharas. By Dr. Baij Nath Puri. 20-00

*240 History of the Candellas of Jejakabhukti. By N. S. Bose. 12-00

*241 History of the Freedom Movement in India. By R. C. Majumdar. 3 Vols. 55-00

*242 History of Firoz Shah Tughluq. By Dr. Jamini Mohan Banerjee. With a Foreword by Dr. Banarsi Prasad Saksena. 20-00

243 HISTORY OF MUSLIM RULE IN TIRHUT (1200-1765). By Prof. Radha Krishna Choudhary. In the Press

*244 History of Sanskrit Poetics. By S. K. De. 35-00

*245 History of Sanskrit Literature. By Arthur A. Macdonell. Ordinary Edition 5-00 Library Edition 20-00

*246 History of Suicide in India. An Introduction. By Dr. Upendra Thakur. With 8 Illustrations. 15-00

*२४७ हिस्ट्री ऐण्ड पालियोग्राफी आफ मौर्यन ब्राह्मी स्क्रिप्ट्स। १२-००
डॉ० सी० एस० उपासक

248 HISTORICAL AND LITERARY INSCRIPTIONS: By Dr. Rajbali Pandeya, M. A., D. Litt.

A handy but scholarly and critical collection of Inscriptions bearing on Ancient Indian History and Culture. Latest informations enbodied and upto date research materials utilised. [Chow. Sans. Studies Vol. XXIII] 15-00

*249 Hellenism in Ancient India. By Dr. Gauranga Nath Banerjee. 20-00

*250 Hand Book of Literary Criticism. By R. Sadasiva Aiyar. 5—00

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

251 THE HUNAS IN INDIA : By Dr. Upendra Thakur. A thoroughly original and documented work, the account is so graphic and scintillating and the style so penetrating that at times the reader will feel that he is reading a book on literature than on History. [Chow. Sans. Studies Vol. LVIII] 25-00

२५२ **हेमचन्द्राचार्य जीवनचरित्र** । (सचित्र) अनु०— कस्तूरमल बाँठिया

युगपुरुष कहलाने के अधिकारी आचार्य हेमचन्द्र के जीवन के विषय में प्रामाणिक जानकारी देनेवाला यह एक मात्र ग्रन्थ हिन्दी में सर्व प्रथम प्रकाशित हुआ है। इसके अतिरिक्त इस विषय में जर्मन और अँगरेजी प्रतियाँ ही कठिनता से देखने को मिल सकेंगी। मानव-समाज, विशेषतः जैन समाज की आत्मा के कितने निकट रहकर, कितने प्रकार से उसकी सेवा करते हुए उसके हित में उन्होंने अपना जीवन अर्पित कर दिया यह ग्रन्थ पढ़कर ही अंशतः जाना जा सकता है। ऐसे सिद्ध महापुरुष के प्रति समुचित सम्मान प्रकट न करने का ऋण इसे पढ़कर भी दूर किया जाय तो उचित होगा। आज ही खरीद कर पढ़ने योग्य ग्रन्थ है। विविध परिशिष्टों तथा विचारपूर्ण भूमिका, शब्दानुक्रमणिका आदि से अलंकृत। [वि. रा. १११] ७-००

बौद्ध-ग्रन्थाः

१ **अवदानकल्पलता** । श्रीक्षेमेन्द्रविरचिता तृतीयपल्लवः [चौ. पु.] ०-२५

2 A MANUAL OF BUDDHISM, In its modern Development. Translated from Singhalese Mss. by R. Spence Hardy. [Chow. Sans. Studies Vol. LVI] 30-00

3 AN INTRODUCTION TO BUDDHIST ESOTERISM. By Dr. Benoytosh Bhattacharya. [Chow. Sans. Studies Vol. XLVI] Second Edition. 30-00

*4 Outline of Early Buddhism (A Historical Survey of Buddhology, Buddhist Schools and Sanghas mainly based on the Study of Pre-Gupta Inscriptions). By Dr. Ajay Mitra Shastri. 10-00

*५ **आर्यशालिस्तम्बसूत्रं, प्रतीत्यसमुत्पादविभङ्गनिर्देशसूत्रं, प्रतीत्यसमुत्पादगाथासूत्रम्** । नेट ९-००

*६ **जातकमाला** । हिन्दी टीका सहित । १-२० जातक ३-००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

७ **धम्मपदं**। सटिप्पण 'प्रकाश' हिन्दी व्याख्या सहित। व्याख्याकार—श्री कन्छेदीलाल गुप्त। सविमर्श टिप्पणीकार—श्री सत्कारिशर्मा वङ्गीय।

प्रस्तुत संस्करण सामान्य छात्र से लेकर विशिष्ट विद्वान् तक सभी स्तर के पाठकों के लिये उपयोगी है। सिंहली, बर्मी आदि पाठों तथा टीकाओं के आधार पर प्रस्तुत विशुद्ध पाठ; भाषाविज्ञानसम्मत संस्कृत छाया; प्राञ्जल हिन्दी व्याख्या; सभी महत्त्वपूर्ण शब्दों पर दार्शनिक, पारिभाषिक, वैयाकरणिक, ऐतिहासिक, भाषावैज्ञानिक और तुलनात्मक टिप्पणियाँ; अंगरेजी, जर्मन, लातिन, हिन्दी बँगला आदि भाषाओं में प्रस्तुत पूर्व-पूर्व संस्करणों में उपलब्ध सामग्री का पूर्णतया विवेचन; गाथासूची, शब्दकोश आदि अनेकविध शोधपूर्ण नवीनताओं से मण्डित यह संस्करण भारतीय भाषाओं में आजतक के प्रकाशित संस्करणों में सभी दृष्टियों से शोधपूर्ण सर्वोत्तम एवं तत्काल क्रय कर लेने योग्य है। [वि. सं. १५०] ३-००

*८ **नवनालन्दा महाविहार रिसर्च पब्लिकेशन**।
संपादक एस० मुखर्जी। १-२ भाग ३०-००

९ **निदान कथा**। अनुवादक—डा० महेश तिवारी।

भदन्त बुद्धघोष कृत जातकट्कथा का यह भूमिका भाग पालि साहित्य के विद्यार्थियों के लिये विशेष महत्त्वपूर्ण है। विद्यार्थियों के उपयोग को ध्यान में रखते हुए यह शोधपूर्ण संस्करण विभिन्न देशी संस्करणों के आधार पर प्रस्तुत किया गया है, और उसी के साथ विशुद्ध प्राञ्जल हिन्दी अनुवाद भी दिया गया है। इससे विद्यार्थी विशेष लाभ उठा सकेंगे शीघ्र प्राप्त होगा

१० **न्यायबिन्दुः**। संस्कृत-हिन्दी व्याख्योपेतः।

इसमें तीन परिच्छेद हैं। प्रथम परिच्छेद में प्रत्यक्ष, द्वितीय में स्वार्थानुमान और तृतीय में परार्थानुमान का वर्णन है। इसकी हिन्दी टीका में मूल के साथ धर्मोत्तराचार्यकृत संस्कृत टीका का भी सांगोपांग अनुवाद करके भूमिका में गौतमन्याय, जैनन्याय तथा बौद्धन्यायों के समालोचना करते हुए बौद्धदर्शन का संपूर्ण संक्षिप्त इतिहास भी लिख दिया गया है। [का. २२] ५-००

*११ **पञ्चप्पकरण-अट्ठकथा**। पठमो भागो (धातुकथा-पुग्गलपञ्ञत्ति-अट्ठकथा) मूल-टीका सहिता। डॉ० महेशतिवारी शास्त्री सम्पादित ८-३७

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१२ **पालिजातकरत्नावलिः** । हिन्दी व्याख्या सहित ।
सम्पादक-श्री कन्छेदीलाल गुप्त-श्री सत्कारिशर्मा वङ्गीय ।
पालिभाषा के शिक्षार्थियों के लिए जातक की रोचक तथा उपदेशप्रद कहानियाँ विशेष उपयोगी हैं । इसलिए प्रायः प्रत्येक विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में जातकों के कुछ अंश निर्दिष्ट किया जाता है । विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के लाभ की दृष्टि से इस संकलन में ४० जातकों का संग्रह संस्कृत छाया तथा प्राञ्जल हिन्दी अनुवाद के साथ किया गया है । पालिभाषा का प्रारंभिक अध्ययन करने वालों के लिये यह बहुत उपयोगी है यन्त्रस्थ

13 PALI READER. Part I-Selections. By Dharmananda Kosambi. In the Press

14 PALI READER. Part II-Notes and Glossary. By C. V. Rajwade. In the Press

*१५ **प्रमाणवार्त्तिकम्-स्वार्थानुमानपरिच्छेदः** । आचार्य धर्मकीर्ति कृत । स्वोपज्ञवृत्ति सहितम् । १-५१ कारिका आंग्लानुवाद सहित ४-००

16 Buddha and His Message : The Heart of Enlightenment (Bodhi Chitta). By N. Gangulee. 4-50

१७ **बौद्ध न्याय** । मूल लेखक : एफ० टी० शर्बाट्स्की ।
हिन्दी अनुवादक : डा० रामकुमार राय
शर्बाट्स्की 'Buddhist Logic' वस्तुतः बौद्धन्याय के क्षेत्र में आज तक प्रकाशित सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण तथा प्राच्य अनुसन्धान के क्षेत्र में एक युगान्तकारी ग्रन्थ है । लेखक ने दिङ्नाग तथा उनके अनुयायियों, विशेषतः धर्मकीर्त्ति द्वारा प्रवर्तित महायान सम्प्रदाय के बौद्धन्याय का एक सर्वाङ्गपूर्ण इतिहास तथा विवेचन प्रस्तुत किया है । सम्पूर्ण ग्रन्थ दो भागों में विभक्त है, प्रथम भाग में भारतीय न्यायशास्त्र तथा उसके मध्य एशिया में प्रचार-प्रसार का विवेचन करने के बाद लेखक ने दिङ्नाग के प्रामाण्यवाद तथा प्रत्यक्ष आदि का अध्ययन प्रस्तुत किया है । द्वितीय भाग प्रमुखतः धर्मकीर्त्ति के न्याय बिन्दु तथा उस पर धर्मोत्तर की टीका का अनुवाद है । इस भाग के परिशिष्टों में तिब्बती भाषा के न्यायशास्त्रीय ग्रन्थों तथा हिन्दू नैयायिकों के बौद्धन्याय पर किये गये आक्षेपों से सम्बद्ध संस्कृत न्याय-ग्रन्थों के उद्धरणों का अनुवाद भी दिया गया है ।
हिन्दी में अनूदित होकर यह ग्रन्थ अब व्यापक होकर सभी पाठकों के लिये उपयोगी होगा । [वि. रा. १२४] प्रथम भाग ३०-००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१८ **बुद्धचरितम्।** अश्वघोष कृतम्। वाराणसी की पूर्वमध्यमा प्रथमखण्ड परीक्षा पाठ्य स्वीकृत। संस्कृत मूल श्लोक-हिन्दी अनुवाद सहित। अनुवादक—महन्त श्रीरामचन्द्रदास शास्त्री। इसमें हिन्दी टीका विषयानुकूल प्रवाह-युक्त तथा सरल एवं सरस है। प्रथम भाग (१–१४ सर्ग) २–५०, द्वितीय भाग (१५–२८ सर्ग) ३–००
सम्पूर्ण १–२ भाग [वि. सं. ८२] ५–५०

19 BUDDHISM. By Monier Williams. [Chow. Sans. Studies Vol. XLV] 35–00

*20 Buddhism in the East Asia. An Outline of Buddhism in the History and Culture of the Peoples of East Asia. By Sukumar Dutt. With 27 Plates. 30–00

21 BUDDHIST PHILOSOPHY IN INDIA & CEYLON. By A. B. Keith D. C. L., D. Litt. [Chow. Sans. Studies Vol. XXVI] 15–00

२२ **बौद्धदर्शन मीमांसा।** आचार्य बलदेव उपाध्याय। (प्रान्तीय १०००) रु० तथा डालमिया २१००) रु० से पुरस्कृत)
इसमें पांच खण्ड हैं। प्रथम खण्ड में बुद्ध के मूल धर्म का वर्णन, द्वितीय में बौद्ध-धर्म का विकास, तृतीय में वैभाषिक, सौत्रान्तिक, योगाचार तथा माध्यमिक संप्रदायों के गूढ़तथ्यों का सरल विवेचन, चतुर्थ में बौद्ध-न्याय, बौद्ध-योग तथा बौद्ध-तन्त्रों का वर्णन एवं पंचम में बौद्धधर्म का विस्तार से उपाख्यान है। अभिनव द्वितीय संस्करण
[वि. रा. १] ६–००

*२३ **बौद्धदर्शनबिन्दुः।** डॉ० सातकड़ि मुखोपाध्याय १–००

२४ **मिलिन्दपञ्हो।** मूल पालि, संस्कृतच्छाया, हिन्दी अनुवाद, पाठान्तर, भूमिका आदि सहित शोधपूर्ण संस्करण। सम्पादक व अनुवादक श्री सत्कारिशर्मा वङ्गीय।
हिन्दी व्याख्या सहित प्रस्तुत संस्करण का मूलपाठ विभिन्न देशीय मुद्रित ग्रन्थ तथा पाण्डुलिपियों के आधार पर परिशोधित होने के कारण आज तक प्रकाशित सभी संस्करणों से श्रेष्ठ है। पालि मिलिन्दपञ्हो संस्कृत से ही पालि में अनुवादित हुआ था ऐसी परम्परा की परीक्षा के लिए सम्पूर्ण ग्रन्थ की भाषाविज्ञान सम्मत संस्कृत छाया दी गई है। साथ ही साथ पालि, तथा सिंहली टीका के ऊपर आधारित हिन्दी अनुवाद भी विशेष महत्त्वपूर्ण है। भूमिका में ग्रन्थ के रचनाकाल, ग्रन्थकार, कथापात्र आदि के बारे में अभिनव विचार सामग्री उपस्थित की गई है यन्त्रस्थ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

